
हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-255, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, शुक्रवार 28 फरवरी 2025



भारतीय नृत्यों की विविधता के प्रचार पर एक सांस्कृतिक...02

आप ने महाकुम्भ में भगदड़ के मृतकों को दी श्रद्धांजलि ...06



सोना 1013 गिरकर 85634 पर आया



पेटीएम ऐप में इन्वेस्टमेंट की रियल टाइम इन्फॉर्मेशन मिलेगी



सेंसेक्स 10 अंक ऊपर 74,612 पर बंद

## संक्षिप्त समाचार

### हरीश चौधरी और जीतू पटवारी ने जिला पदाधिकारियों से की चर्चा

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सभी जिलों के प्रभारियों और अध्यक्षों के साथ पाटी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई इस बैठक में विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार, प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया और प्रदेश महामंत्री (संगठन) संजय कामले भी मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी नियुक्त होने के बाद इस राज्य के दौरे पर आए चौधरी इन दिनों विभिन्न जिलों की यात्रा कर रहे हैं। वे पिछले दो तीन दिनों से राज्य के पश्चिमी हिस्से के झाबुआ और इंदौर आदि जिलों के दौरे पर थे और अब भोपाल के बाद विदिशा जिले के दौरे पर रहेंगे। राज्य में कांग्रेस पिछले दो दशक से अधिक समय से विपक्ष की भूमिका निभा रही है।

### इन्वेस्टर समिट से कोई सकारात्मक परिणाम निकलने की गारंटी नहीं हैः कमलनाथ

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** चार दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मध्य प्रदेश इन्वेस्टर समिट को लेकर सवाल उठाए। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कमलनाथ ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन इसका कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता। उन्होंने कहा, यह सब विश्वास पर निर्भर करता है। अगर उद्योगपतियों का सरकार पर विश्वास होगा, तो वे निवेश करेंगे, लेकिन अगर विश्वास ही नहीं होगा, तो निवेश कैसे होगा? कमलनाथ ने कहा कि इन्वेस्टर समिट से कोई सकारात्मक परिणाम निकलने की गारंटी नहीं है, क्योंकि निवेश के लिए पहले विश्वास का होना जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर समिट का परिणाम तब ही सकारात्मक हो सकता है।

# स्वच्छता कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को 10 हजार रुपए अतिरिक्त बोनसः मुख्यमंत्री योगी



**महाकुंभनगर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ में कार्यरत रहे स्वच्छता कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ी सौगात देते प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छता कर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुंभ के महा आयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें न्यूनतम मानदेय नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही यह भी कहा कि हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख रूपए की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है। हमारी सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेलफेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ जब कोई कार्य होता है तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं जैसे प्रयागराज महाकुंभ में आज हमको देखने को मिल रहे हैं। आज आप सबने साबित कर दिया कि अगर थोड़ी भी इच्छा शक्ति हो और सही सपोर्ट मिले तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी स्वच्छता कर्मियों से अपील की कि स्वच्छता कार्यक्रम को अब नए सिरे से प्रस्तुत करना है। स्वच्छता का विशेष अभियान चलाना होगा। आज हमने इसकी शुरुआत की है। अब सभी अधिकारी, कर्मचारी भी इस अभियान में जुटें। मां गंगा के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित होनी चाहिए। योगी ने कहा कि आपको सम्मानित करते हुए और आपके साथ सहभोज में हिस्सा बनते हुए हमारा मंत्रिमंडल अभिभूत है।

## योगी को भेंट किया गया तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गुरुवार को भेंट किया गया। मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मेला प्राधिकरण द्वारा स्थापित तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में से पहला एक साथ सर्वाधिक लोगों (329) द्वारा एक ही समय में कई स्थलों पर नदी की सफाई, दूसरा एक साथ सर्वाधिक संख्या 19 हजार सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाए जाने और तीसरा आठ घंटे तक सर्वाधिक 10 हजार 102 लोगों द्वारा हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल रहा।

## महाकुंभ मेला के लिए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का किया गया संचालनः वैष्णव



**महाकुंभनगर, एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज के लिये रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। श्री वैष्णव ने गुरूवार को यहां रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुंभ के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बिहार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से रेलवे ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा की सुविधा दी। रेल मंत्री ने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया।

इस दौरान लगभग 4.5 से 5 करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुंभ पहुंचे और संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। रेलवे ने राज्य पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी और रैपिड़ एक्शन फोर्स के साथ मिलकर अभूतपूर्व समन्वय स्थापित किया, जिससे यातायात और भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार, श्रद्धालुओं को केवल भीड़ न समझकर उनकी श्रद्धा और भक्ति को प्राथमिकता दी गई। इसी दृष्टिकोण से रेलवे ने कई नवाचार किए, जिनमें खुशरोबाग, झूंसी, नैनी, छिवकी, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज जंक्शन में बड़े होर्डिंग एरिया विकसित किए गए।

## मोदी के विकसित भारत के संस्करण ने तो आम लोगों की जेब ही खाली कर दीःखड़गे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 100 करोड़ भारतीयों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''विकसित भारत के संस्करण ने तो आम लोगों की जेब ही खाली कर दी तथा चुनिंदा अरबपतियों के खजाने भर दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत वैश्विक शुल्क को लेकर छिड़े युद्ध और व्यापार



बाधाओं का सामना कर रहा है और केंद्रीय बजट की घोषणाएं बेमानी साबित हुई हैं। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्सश् पर पोस्ट किया, ' नरेंद्र मोदी जी, 100 करोड़ भारतीय नागरिकों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है... हमारी जीडीपी का 60 प्रतिशत उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत में केवल शीर्ष 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं जो आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं। शेष 90 प्रतिशत लोग तो बुनियादी दैनिक जरूरतों की खरीद करने में भी सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''भारत में कर भुगतान करने वाली मध्यम वर्ग की 50 फीसदी आबादी के मानदेय में पिछले दशक में बहुत कम वृद्धि हुई या कोई वृद्धि नहीं हुई है। ग्रामीण मजदूरी में नकारात्मक वृद्धि देखी जा रही है। संपत्ति का संकेंद्रण बढ़ रहा है और आपकी नीतियां सभी के बीच आय वितरित करने में विफ्ल रही हैं। खड़गे ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान स्थिर मजदूरी, लगातार मुद्रास्फीति और घटती खपत के कारण घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर आ गई है।

## मोहन सिंह बिष्ट दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष चुने गए

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुस्तफाबाद के विधायक मोहन सिंह बिष्ट गुरुवार को दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष चुने गये। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्री बिष्ट को उपाध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव पेश किया जिसका कैबिनेट मंत्री मनजिन्दर सिंह सिरसा समर्थन किया। विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने श्री बिष्ट को उपाध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। अध्यक्ष ने श्री बिष्ट को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया उल्लेखनीय है कि श्री बिष्ट छठी बार विधायक चुने गये हैं। उन्होंने इस बार मुस्तफाबाद से आम आदमी पार्टी के अदील अहमद खान को 17578 वोटों से हराया। श्री बिष्ट को 85218 वोट मिले।

## एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहटः मोदी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में महाशिवरात्रि के साथ संपन्न महाकुंभ पर्व की दिव्यता और भव्यता पर अपने मन के उद्गार व्यक्त करते हुए इसे युग परिवर्तन की आहट बताया है। उन्होंने महाकुंभ पर अपने विचार को लेखबद्ध करते हुए गुरुवार को कहा है कि सहस्राब्दियों से चली आ रही महाकुंभ की यह सनातन परंपरा राष्ट्र चेतना जागृत करने वाला पर्व है। श्री मोदी ने लिखा, महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से



देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। उन्होंने कहा, यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थीं। श्री मोदी ने कहा, तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बीते 45 दिनों में प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था, संगम में स्नान! मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के 'मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स' के लिए, 'प्लानिंग' और 'पॉलिसी एक्सपर्ट्स' के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे।

इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। श्री मोदी ने कहा, मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता, स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता।

## संभलः जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची एएसआई की टीम

### पुताई और सजावट मामले में हाईकोर्ट ने दिए निर्देश



**संभल, संवाददाता।** उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम गुरवार को जामा मस्जिद की पुताई और सजावट का सर्वे करने के लिए पहुंची। टीम ने मस्जिद की वास्तविकता का आकलन किया। इसके बाद तैयार रिपोर्ट न्यायालय में पेश की जाएगी। गौरतलब है कि जामा मस्जिद में हाल ही में हुई रंगाई-पुताई और सजावट को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा। न्यायालय ने इस पर संज्ञान लेते हुए एएसआई को जांच के निर्देश दिए थे। एएसआई की टीम ने मस्जिद के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। अब इसकी रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश की जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संभल जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई और मरम्मत की जरूरत है या नहीं, इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के तीन अधिकारी मुतवल्ली के साथ निरीक्षण करें। साथ ही इसकी रिपोर्ट शुक्रवार को न्यायालय में 10 बजे प्रस्तुत की जाए। इसके बाद ही न्यायालय रमजान शुरू होने से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई का निर्देश देने पर विचार करेगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि रमजान से पूर्व जो भी गतिविधि की जाए, एएसआई उसकी वीडियोग्राफी कराए। न्यायालय ने 28 फरवरी को फिर से मामले की सुनवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने जामा मस्जिद संभल की प्रबंधन कमेटी की ओर से सिविल पुनरीक्षण में दाखिल त्वरित सुनवाई की अर्जी पर उक्त आदेश दिया। मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता एसएफ नकवी ने दलील दी कि कई दशकों से मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम कमेटी करती चली आ रही है। कभी एएसआई ने इसमें हस्तक्षेप नहीं किया। रमजान का महीना एक मार्च से शुरू हो रहा है, इसलिए रंगाई पुताई किया जाना है। इस दौरान संरक्षित स्थल को न कोई नुकसान पहुंचाया जाएगा और न ही किसी भी तरह का परिवर्तन किया जाएगा। वहीं, एएसआई के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने दलील दी कि संरक्षित इमारत की मरम्मत, रंगाई-पुताई की जिम्मेदारी एएसआई की है।

## पुणे दुष्कर्म कांडः पुलिस ने आरोपी की तलाश में लगाए ड्रोन और खोजी कुत्ते

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के सबसे व्यस्त बस जंक्शन स्वारगेट पर खड़ी बस में 26 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद पूरे राज्य आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से फरार है। विपक्ष में राज्य सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुष्कर्म का आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाड़े (37) अब भी फरार है। आरोपी की तलाश में पुणे पुलिस की 13 टीमें जुटी हैं। गुरुवार को उसका गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस की टीमों ने खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से उसके गांव में गन्ने के खेतों को भी खंगाला। इस बीच, पुणे पुलिस ने आरोपी के ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया कि दतात्रेय की तलाश के लिए पुलिस की 13 टीमें गठित की गई हैं।

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

### रिपोर्ट्स में दावा-10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाना संभव, विपक्ष विरोध जता चुका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14





संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। 13 फरवरी को राज्यसभा में बीजेपी सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं?

### ममता बनर्जी का आरोप

## पहले महाराष्ट्र और दिल्ली के चुनावों में गड़बड़ी की अब बंगाल में भी यही चाल चल रही बीजेपी



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव आयुक्त के आशीर्वाद से मतदाता सूची में हेरफेर कर रही है। उन्होंने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के हर जिले में मतदाता सूची में अनियमितताओं की जांच के लिए एक समिति गठित की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने महाराष्ट्र और दिल्ली में चुनावों में गड़बड़ी करने के लिए मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े और वे पश्चिम बंगाल में भी यही चाल चल रहे हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कहा, चुनाव आयुक्त कार्यालय में बैठकर उन्होंने ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनाई है और पश्चिम बंगाल के हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा गया है। इसी चाल का इस्तेमाल करके उन्होंने दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव जीते हैं। महाराष्ट्र में विपक्ष इन तथ्यों का पता नहीं लगा सका। उन्होंने कहा, ज्यादातर फर्जी मतदाता हरियाणा और गुजरात से हैं। भाजपा चुनाव आयोग के आशीर्वाद से मतदाता सूची में हेराफेरी कर रही है।

## भारत की ताकत बढ़ाने के लिए बजट में इजाफा करे विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय की संसदीय समिति ने गुरवार को अन्य देशों में भारत की सॉफ्ट पावर को बढ़ाने, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और मानव संसाधन में इजाफा करने के लिए बजट में वृद्धि करने का मुद्दा उठाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विदेश मंत्रालय की मांग अनुदान संबंधी बैठक में विभाग की संसदीय समिति में शामिल सांसदों ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के सामने यह मांग रखी। संसदीय समिति के अध्यक्ष और सांसद शशि थरूर ने कहा कि कई सांसदों का मानना है कि विदेश मंत्रालय की ताकत में इजाफा किया जाना चाहिए।

## निलंबन के खिलाफ आप विधायकों का 6 घंटे प्रदर्शन

### कल राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा, विपक्ष के बगैर मोहन बिष्ट डिप्टी स्पीकर चुने गए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के बाहर गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के 22 विधायकों ने 6 घंटे से ज्यादा प्रदर्शन किया। ये सदन से निलंबन का विरोध कर रहे थे। दरअसल, 25 फरवरी को एलजी के अभिभाषण के दौरान आप विधायकों ने नारेबाजी की। इसके बाद स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने 22 विधायकों में से 21 को 3 दिन के लिए निलंबित कर दिया था। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा- देश के इतिहास में पहली बार विधायकों को विधानसभा जाने से रोका जा रहा है। आज का दिन लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन के रूप में जाना जाएगा। आप ने यह मुद्दा राष्ट्रपति के सामने उठाने के लिए कल मिलने का समय मांगा है। विपक्ष के बगैर भाजपा ने डिप्टी स्पीकर चुना सदन के अंदर विपक्ष के बगैर भाजपा ने 6 बार के विधायक मोहन सिंह बिष्ट को विधानसभा का डिप्टी स्पीकर चुना। सीएम रेखा गुप्ता ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसका समर्थन किया। बिष्ट मुस्तफाबाद से विधायक हैं। इस बीच दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा- शीशमहल की जांच होगी। पिछली सरकार की तरफ से फॉलोअप नहीं होने की वजह से कई प्रोजेक्ट्स की लागत दोगुनी हो गई है।

## राज्यों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संवाद की जरूरतः सीतारमण



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को भारत के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संवाद की आवश्यकता पर जोरदेते हुये कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए।

# संपादकीय

## भावी कुम्भ के लिए कई सवाल

पिछले अनेक वर्षो से प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार एवं नासिक में होने वाले कुम्भ भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वैभव के आयोजन माने जाते रहे हैं। इन चारों स्थानों पर हर 12 वर्षो में आयोजित होने वाले कुम्भ हिन्दुओं के धार्मिक जीवन में अत्यधिक महत्व रखते हैं। हर धर्मप्राण हिन्दू अपने जीवन में इसमें शामिल होने की इच्छा रखता है। अब तक तो कुम्भ का सरोकार उसके धर्म-पक्ष से था लेकिन 14 जनवरी से प्रारम्भ होकर बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर समाप्त हुआ प्रयागराज का कुम्भ कई अच्छी-बुरी यादें तो छोड़ ही गया है, उससे अनेक ऐसे सवाल भी उठ खड़े हुए हैं जिनका सम्बन्ध देश की धार्मिक व्यवस्था से तो है ही, राजनीति व संस्कृति से भी है। इन सवालों के उत्तर यदि न तलाशे गये तो आने वाले हर कुम्भ के आयोजनों को इन प्रश्नों से जूझना होगा जिससे देश का धर्म प्रभावित होगा, राजनीति व संस्कृति भी प्रभावित होगीय और ख्याल रहे कि ये असर नकारात्मक होंगे। आस्थावान लोग मानते हैं कि कुम्भ हजारों वर्षो से आयोजित होते आये हैं, तो इसका अर्थ यह है कि भारत पर शासन करने वाले अलग-अलग राजवंशों ने इसके आयोजनों में कोई व्यवधान नहीं डाला और न ही मनाही की। इनमें बाहर से आये मुसलिम शासक भी थे और अंग्रेज भी। इस देश में विभिन्न धर्मो के मानने वाले सदियों से रहते आये हैं जिनके चलते भी कभी कोई दिक्कत नहीं आई। विविधता वाले देश में जिस तरह अनेक पर्व एवं त्यौहार सभी के द्वारा हिल-मिलकर मनाये जाते रहे हैं, कुम्भ भी उनमें से एक है। यह भी अनेकता में एकता का एक उदाहरण रहा है, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ हटकर साबित हुआ है। इस परम्परागत व पौराणिक महत्व के आयोजन को राजनीतिक कब्जे के लिये भी याद किया जायेगा। पहले तो कुछ पंडितों द्वारा ऐलान कराया गया कि इस बार का कुम्भ 144 वर्षो के बाद दुर्लभ संयोग में आया है जिसके कारण इसका विशेष माहात्म्य है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की कमी से जूझ रहे उत्तर प्रदेश सरकार ने लगभग 5500 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि इसके लिये आवंटित की थी। कुम्भ के बारे में कहा जाता है कि इसमें आने के लिये न कोई किसी को बुलाता है और न ही कोई किसी के बुलावे पर पहुंचता है। हिंदू समाज का यह एक स्वतरूस्फूर्त व सामूहिक आयोजन होता है जो साझा विरासत का हिस्सा है। पहली बार बड़े पैमाने पर विज्ञापनों एवं प्रचार माध्यमों के जरिये राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिये बड़ी भीड़ एकत्र करने की योजना बनाई। इसमें जिस तरह से साधु-संतों द्वारा राजनीतिज्ञों को नहलाया गया, भगदड़ के बाद भी लोगों पर हैलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गयी, वीआईपी के लिये विशेष व्यवस्था तथा आमजनों को गंदे पानी में नहाने व उसका आचमन करने पर मजबूर किया गया, वह भाजपा द्वारा राजनीतिक लाभ लेने के अशोभनीय कृत्य ही कहे जायेंगे।सरकार की ओर से बताया गया था कि 40 करोड़ लोग पहुंचेंगे परन्तु तैयारी 100 करोड़ लोगों के लायक की गयी है। यह दावा 28-29 की रात फेल हो गया जब मौनी अमावस्या के अवसर पर पवित्र स्नान करने के लिये आतुर बड़ी संख्या में लोग बदइंतजामी के कारण कुचले गये। कहा जाता है कि मरने वालों की संख्या घोषित आंकड़ों (30) से कहीं ज्यादा है और बकौल पूर्व सीएम व सांसद अखिलेश यादव भगदड़ एक-दो स्थान पर नहीं बल्कि 4-5 जगहों पर हुई। तुर्रा यह है कि यदि इसके बारे में सवाल किया जाये तो उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी सनातनी की फेसबुक पर डाली पोस्ट उद्धृत करते हैं कि श्कुम्भ में जिसने जो चाहा उसे वह मिला। गिद्धों को लाशें मिलीं और सुअरों को कीचड़ मिला।य बताया यह भी जाता है कि आज भी कई लोगों के परिजन लापता है और माना जाता है कि उनकी लाशें मिलनी अब मुमकिन नहीं। आरोप है कि मुआवजा बचाने के लिये बिना पोस्टमॉर्टम कई लाशें परिजनों के साथ उनके घरों को रवाना कर दी गयीं। भारत में नये साम्प्रदायिक विभाजन का कुरूप चेहरा देखने को मिला जब सनातनियों का कथित रूप से प्रतिनिधित्व करने वाली धर्म संसद एवं कई अखाड़ों ने ऐलान कर दिया कि इसमें मुसलमानों को दुकानें नहीं लगाने दी जायेंगी। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से भारत इस तरह की मानसिकता से दो-चार हो रहा है।

## सेहत का पर्व

जब कहा जाता है कि भारत पर्व व त्योहारों का देश है, तो उसकी ठोस वजह है। जब मौसम व प्रकृति अपना रूप बदल रहे होते हैं तो इनके संधिकाल पर ये पर्व-त्योहार दस्तक देते हैं। हमें सचेत कर रहे होते हैं कि बदलते मौसम के अनुरूप अपना खान-पान, रहन-सहन और विचार-वाणी बदलिए। अध्यात्म हमें वास्तव में मानवीय बनने की प्रेरणा देता है ताकि हम आत्मकेंद्रित होने के बजाय प्रकृति, समाज, कुदरत की रचनाओं, वंचितों व जरूरतमंदों की भी फिक्र करें। शिवमय हुए देश में पर्व के मर्म को महसूस किया जा सकता है। सूर्योदय के साथ दैनिक कर्मो से निवृत्त लोग आस्थास्थलों की तरफ उमड़ते देखे जाते हैं। सूर्य के उगने से पहले उठना अपने आप में सेहत की कुंजी है। शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें हममें धैर्य भर देती हैं, जो बताता है कि यदि हम नियम व कायदे के अनुरूप अपनी आस्था की अभिव्यक्ति करें तो तीर्थस्थल भगदड़ की त्रासदियों से सदा-सदा के लिए मुक्त हो सकते हैं। दरअसल, चाहे हमारे तीर्थ हों या देवालय, हमारे पूर्वजों ने उन्हें प्रकृति की सुषमा और जल स्रोतों के करीब बनाया है। जहां हम दैनिक जीवन की एकरसता से मुक्त होकर प्रकृति के सान्निध्य में सुकून महसूस कर सकें। हमारे बड़े तीर्थो के दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में स्थित होने का अर्थ भी यही है कि हम शरीर को गतिशील बनाएं। हम पसीना बहाएं, जो अपने साथ शरीर के विजातीय द्रव्यों को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ बनाता है। सही मायनों में हमारे पर्व-त्योहार समाज के लिए सेफ्टी-वॉल का काम ही करते हैं, भागमभाग के तनाव से मुक्त करते हैं। दफ्तर-परिवार में ऊंच-नीच से उपजी असहज स्थितियों से मुक्त होने का अवसर ये पर्व देते हैं। दरअसल, समय के साथ जीवनशैली में आए बदलावों संग न केवल हमारा व्यवहार कृत्रिम हुआ है बल्कि हमारा खानपान भी अपना मूल स्वरूप खो चुका है। ऐसे में ये पर्व हमें जीवन की वास्तविकता से रूबरू कराते हैं। कहने को तो हमारे पर्व-त्योहार आस्था व आध्यात्मिक व्यवहार से जुड़े हैं, लेकिन सही मायनों में वे हमारे स्वास्थ्य का संवर्धन कर रहे होते हैं। शिवरात्रि के व्रत में हम बेर आदि उन फलों का सेवन करते हैं, जो बदलते मौसम में हमारी शरीर की जरूरतों को पूरा करते हैं। तमाम लोग मंदिरों के बाहर दूध व फल आदि के लंगर लगाते हैंय जिससे दान देने वाले तो सेवाभाव से अभिभूत होते ही हैं, साथ ही श्रद्धालुओं के साथ ही तमाम गरीबों, जरूरतमंदों व भूखों को भी इससे लाभ मिलता है। ये पर्व हमारी आर्थिकी के लिए भी उत्प्रेरक तत्व हैं। फलों व पर्व से जुड़े सामान की बिक्री खूब होती है। उन लाखों लोगों को आर्थिक लाभ व रोजगार मिलता है, जो धार्मिक स्थलों के बाहर सड़कों पर दुकान लगा रहे होते हैं। इन धार्मिक स्थलों में पहुंचे श्रद्धालुओं में आस्था के चलते सहजता, सरलता, परोपकार आदि मानवीय गुणों की अभिव्यक्ति होती है। जो हममें सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। मंदिर व पूजा-पाठ से जीविका चलाने वालों की आर्थिकी इन पर्वो से समृद्ध होती है। वहीं पर्व-व्रत के धार्मिक-आध्यात्मिक पक्ष के इतर समाज-कल्याण व सेहत से जुड़ा पक्ष भी सशक्त है। सबसे महत्वपूर्ण तो व्रत है। व्रत का एक संपूर्ण विज्ञान है। विडंबना यह है कि हम अपने आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा जैसे सर्वसिद्ध ज्ञान को गंभीरता से नहीं लेते। हाल ही के दिनों में विकसित देशों ने तमाम शोधों के बाद व्रत को दवा की संज्ञा दी है। प्राकृतिक चिकित्सा में व्रत के प्रकार, उसे खोलने में सावधानी व उपचार में उपयोग को लेकर विस्तृत अध्ययन उपलब्ध है, जो बताता है कम खाने से हमारा शरीर का पाचनतंत्र बेहतर ढंग से काम करता है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था पर मंडराता संकट- बढ़ता कर्ज, सरकारी संरक्षणवाद और पूंजीवादी मिलीभगत

**भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय गहरे संकट में है। सरकार के नीति-निर्माण में असंतुलन, कर्ज का बढ़ता बोझ और सरकारी संरक्षित पूंजीवाद (क्रोनी कैपिटलिज्म) के कारण प्रतिस्पर्धा और आत्मनिर्भरता दोनों प्रभावित हो रहे हैं**

सचिन श्रीवास्तव



भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय गहरे संकट में है। सरकार के नीति-निर्माण में असंतुलन, कर्ज का बढ़ता बोझ और सरकारी संरक्षित पूंजीवाद (क्रोनी कैपिटलिज्म) के कारण प्रतिस्पर्धा और आत्मनिर्भरता दोनों प्रभावित हो रहे हैं। 80 प्रतिशत से अधिक जीडीपी के बराबर कर्ज और नीति निर्माण में बड़े कॉरपोरेट समूहों की बढ़ती पकड़ ने देश की आर्थिक संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। सरकार एक ओर निजीकरण और विनिवेश के नाम पर सार्वजनिक संपत्तियों को बेचना चाहती है, जबकि दूसरी ओर कृषि जैसे बुनियादी क्षेत्रों को बड़े औद्योगिक घरानों के हवाले करने की कोशिश कर रही है। यह नीतियां न केवल आम जनता के लिए आर्थिक असुरक्षा पैदा कर रही हैं, बल्कि देश की प्रतिस्पर्धी क्षमता को भी कमजोर कर रही हैं। स्टेटिस्ता के अनुसार, भारत का राष्ट्रीय कर्ज 2020 में 88.43प्रतिशत जीडीपी तक पहुंच गया था, जो अब भी 80प्रतिशत से अधिक बना हुआ है। सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि अर्थव्यवस्था सुधार की ओर बढ़ रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकारी नीतियां कुछ विशेष औद्योगिक समूहों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं, न कि आम जनता या लघु-मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हित में। सरकारी बैंक और कंपनियां घाटे में बताकर बेची जा रही हैं, लेकिन उन्हें खरीदने वाले उद्योगपतियों को सस्ते ऋण और टैक्स में छूट दी जा रही है। रेलवे, तेल कंपनियां, टेलीकॉम और एयरपोर्ट जैसे बुनियादी ढांचे को कुछ खास समूहों के हाथों बेचा जा रहा है, जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है। छोटे व्यापारियों और किसानों को बाजार के भरोसे छोड़ दिया गया, जबकि बड़े उद्योगपतियों को अरबों की टैक्स रियायतें दी जा रही हैं। सरकार बार-बार कहती है कि सार्वजनिक उपक्रम घाटे में हैं, लेकिन क्या सच में ऐसा है? भारत पेट्रोलियम, जीवन बीमा निगम, रेलवे, इस्पात प्राधिकरण और अन्य कंपनियों को या तो बेचा जा रहा है या उनके संसाधन निजी हाथों में दिये जा रहे हैं। सरकारी संपत्तियों की बिक्री से जो पैसा आ रहा है, वह मौजूदा कर्ज चुकाने में नहीं, बल्कि नए कॉर्पोरेट टैक्स छूट और सरकारी खर्च बढ़ाने में इस्तेमाल हो रहा है। बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है, क्योंकि सरकारी संरक्षण प्राप्त निजी कंपनियां मनमाने दाम वसूल रही हैं। सवाल वही है कि यह निजीकरण की नीति है या बस बड़े कॉरपोरेट समूहों को फायदा पहुंचाने का तरीका? तीन कृषि कानूनों को जबरदस्ती लागू करने की कोशिश सरकार की नवउदारवादी सोच और पूंजीपतियों की लॉबी का स्पष्ट प्रमाण थी। ये कानून किसान आंदोलन के दबाव में वापस लिए गए, लेकिन सरकार अब भी कृषि सेक्टर में बड़े उद्योगपतियों को प्रवेश दिलाने की कोशिश कर रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी नहीं दी जा रही, ताकि किसान मजबूरी में निजी कंपनियों को अपनी उपज बेचें। कृषि को ठेकेदारी खेती के हवाले करने की योजनाएं अब भी जारी हैं, जिससे छोटे किसान बिचौलियों और बड़ी कंपनियों पर निर्भर हो जाएंगे। सरकार ने स्नष्टद्ध का बजट लगातार घटाया है, जिससे सरकारी खरीद कमजोर हुई और किसान खुले बाजार में जाने को मजबूर हुए। खाद्य सुरक्षा पर खतरारू अगर कृषि उत्पादन पूरी तरह बाजार के हाथ में आ गया, तो खाद्य पदार्थों की कीमतें निजी कंपनियां तय करेंगी, जिससे गरीबों के लिए अनाज महंगा हो जाएगा। छोटे किसानों की बर्बादी भारत में 86प्रतिशत से अधिक किसान लघु या सीमांत श्रेणी के हैं। बड़े कॉरपोरेट के साथ प्रतिस्पर्धा में वे टिक नहीं पाएंगे। भूमि अधिग्रहण और विस्थापनरू कॉरपोरेट खेती के बढ़ने से गांवों में जमीनें उद्योगपतियों के हाथों में जाएंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था खत्म हो जाएगी। अगर सरकार सच में किसानों का भला चाहती है, तो उसे- रूस्क्ष की कानूनी गारंटी देनी होगी। स्नष्टद्ध को मजबूत करना होगा, ताकि सरकारी खरीद में कोई गिरावट न हो। कृषि आधारित छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना होगा, जिससे किसान आत्मनिर्भर बनें। सच्चे प्रतिस्पर्धी बाजार का अर्थ है कि कोई भी नया व्यवसायी बिना किसी भेदभाव के बाजार में प्रवेश कर सके और उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिले। लेकिन भारत में सरकार खुद ही कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को बाजार पर कब्जा करने में मदद कर रही है। टेलीकॉम सेक्टर में सिर्फदो-तीन कंपनियां ही बची हैं, क्योंकि अन्य कंपनियों को प्रतिस्पर्धा से बाहर कर दिया गया। एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे, बिजली उत्पादन और शिपिंग जैसे क्षेत्रों में एकाधिकार बनाने की कोशिश की जा रही है। बैंकों से कर्ज माफी और टैक्स छूट केवल कुछ बड़े व्यापारिक समूहों को दी जाती है, जबकि छोटे व्यापारियों को लोन भी नहीं मिलता। इसका खतरा क्या है? महंगाई बढ़ेगी, क्योंकि कम प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनियां मनमाने दाम वसूलेंगी।

# केवल माया ही महाठगिनी नहीं है

सर्वमित्रा सुरजन

कबीरदास जी ने लिखा-माया महा ठगनी हम जानी,तिरगुन फांस लिए कर डोले बोले मधुरे बानी। अर्थात माया सबसे बड़ी ठगिनी है जिसके बारे में मैं जानता हूं, वह तीन गुणों से युक्त होकर आपको अपने हाथ में फंसाकर घूमती है और मधुरतम वचन बोलती है। संत कबीर ने सांसारिक मोह-माया, लोभ, क्रोध, ईर्ष्या जैसे दुर्गुणों से लोगों को आगाह किया है। सभी धर्मों में इसी तरह का ज्ञान मिलता है, जो इंसानों को पहले से खुद को बेहतर बनाने और अपने साथ-साथ समूचे जीव-जगत के कल्याण के लिए प्रेरित करता है। हिंदू धर्म में महाकुंभ जैसे आयोजन भी इसी मकसद से होते रहे कि व्यक्ति अपने कर्मों के पाप और पुण्य पर विचार करे। डुबकी लगाना केवल पानी में सिर डुबोना नहीं होता, अपने अहंकार को त्याग कर समूचे अस्तित्व को प्राणवायु के बिना दांव पर लगाकर विचार करना होता है कि क्या गलत किया, क्या सही किया और आखिर में जब तक जीवन बचे, तब तक किस तरह खुद का परिष्कार करके जीना है। डुबकी लगाकर बाहर निकलना, नए सिरे से जीवन को पाना है। अगर तमाम दुर्गुणों के साथ डुबकी लगाई और पानी से सिर बाहर निकलने के बाद भी उन्हीं बुराइयों में घिरे रहे तो फिर उसकी सार्थकता ही क्या रहेगी। 14 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में चले महाकुंभ पर विचार करें तो फिर कबीर ही याद आते हैं जिन्होंने माया को महाठगिनी बताया, लेकिन यहां तो आस्था की ठगी करने का ज्वार उमड़ा। सरकार पूरे आयोजन में हर दिन आंकड़े बताती रही कि आज इतने करोड़ लोगों ने स्नान किया, आज इतने करोड़ लोगों के आने का रिकार्ड टूटा। इन आंकड़ों को बताने का आधार क्या रहा, यह अबूझ पहेली है, क्योंकि जिस सरकार ने स्नान करने वालों की गिनती लगा ली, वो यह नहीं बता पाई कि कितनी बार भगदड़ मची और कितने लोग हताहत हुए। जो सरकारी आंकड़े आए हैं, वो भी ठगी की तरफ ही इशारा कर रहे हैं। बहरहाल, भाजपा को राज्य और केंद्र दोनों में इस महाकुंभ के आयोजन से भरपूर फायदा हुआ है, या आगे उसका चुनावी लाभ मिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। इस समय देश के माहौल में जिस तरह की धर्मांधता कायम हो चुकी है और उसमें उग्र राष्ट्रवाद का मिश्रण हुआ है, वह सामान्य लोगों को भयभीत कर चुका है। इस बात का एक भयावह उदाहरण महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले से सामने आया, जहां भारत-पाक मैच के दौरान एक व्यक्ति को एक घर से कथित तौर पर देशविरोधी नारे सुनाई दिए। उसने संदेह जताया तो घर में रहने वालों और उसके बीच कहा-सुनी हुई, बात इतनी बिगड़ी कि पुलिस में मामला पहुंचा। अब उस घर में रहने वाले 15 साल के बच्चे को सुधारगृह भेज दिया गया है, और उसके मां-बाप को रविवार को गिरफ्तार कर दो धर्मों में वैमनस्य बढ़ाने, देश की एकता को खतरे में डालने जैसे आरोपों के तहत धाराएं लगाई गई हैं। उनकी कबाड़ की दुकान को निगम ने तोड़ दिया है और इस पूरे मामले पर महायुति के विधायक नीतेश राणे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बाकायदा बधाई भी दी है कि दुकान तोड़कर अच्छा किया। निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही जब ऐसा आचरण करने लगें तो फिर उनके अनुयायी भला क्यों पीछे रहेंगे। अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए, पता नहीं चला कि वाकई देश के खिलाफ नारा लगा था या नहीं, लेकिन एक बसा-बसाया परिवार उजाड़ दिया गया। इसके बाद भाजपा वसुधैव कुटुम्बकम की बात करती है। श्री मोदी 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताते हैं।नफरत के ऐसे न जाने कितने प्रकरण हर दिन घटते हैं, लेकिन लोग खामोशी से देख कर मुंह फेर लेते हैं।

लोगों की जुबान पर तब भी ताले लग जाते हैं जब गोली मारो जैसे नारे देने वाले अनुराग ठाकुर और अमित शाह के बेटे जय शाह शाहिद अफरीदी के साथ बैठकर मैच देखते हैं। देश में भाजपा और संघ लोगों को घुट्टी पिला रहे हैं, पाकिस्तान से दुश्मनी निभाओ, मुसलमानों से नफरत करो। लेकिन खुद मतलब की दोस्ती निभाते हैं और पूरा फायदा लेते हैं। बहरहाल, बात हो रही थी महाकुंभ में आस्था के नाम पर हो रही ठगी की। इस ठगी में सभी शामिल नजर आए। सरकार ने आस्था के स्थल पवित्र त्रिवेणी संगम को राजनैतिक मंच की तरह इस्तेमाल किया। और इस मंच का विस्तार अलग-अलग राज्यों में भी किया। उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जेलों में कैदियों को गंगा जल से स्नान कराया गया। तर्क दिया गया कि इससे उनकी आत्मिक शुद्धि होगी। वैसे न्यायपालिका में जेलों को सुधारगृह ही बताया गया है। जहां कुछ वक्त कैद रहकर इंसान जब बाहर निकले तो उसमें सुधार आए, उसकी अपराध करने की प्रवृत्ति छूटे। यह बिल्कुल गंगाजी में डुबकी लगाने जैसा ही है, जब सांसों को कैद करके इंसान पानी के भीतर घुसता है। लेकिन क्या वाकई हमारी जेलें सुधार गृहों की तरह रह गई हैं, ये एक उलझा हुआ सवाल है। अदालतों में मुकदमों का बोझ बढ़ा हुआ है, लाखों कैदी जेलों में कीड़े-मकोड़ों की तरह भरे रहते हैं। वहां नर्क जैसे माहौल में यातनाएं सहते हुए वक्त बिताते हैं और इनमें से कई तो अपराध साबित होने के इंतजार में ही पड़े रहते हैं। क्या इन सवालों का जवाब कुछ कैदियों को गंगाजल से नहलाने से मिलेगा या इससे समाज में अपराध कम हो जाएगा। आंकड़ों के हिसाब से देश की लगभग आधी आबादी गंगा स्नान कर चुकी, तो क्या अब अपराध दर में गिरावट आएगी। उप्र के नोएडा में कुछ आलीशान रिहायशी इलाकों में लोगों ने संगम से लाए जल को स्विमिंग पूल के जल में मिला दिया, ताकि जो लोग प्रयागराज नहीं जा पाए, वे भी गंगा स्नान का पुण्य कमा लें। जबकि यहां अधिकांश इलाकों में नलों में गंगा का पानी ही आता है। इसी तरह सोशल मीडिया पर एक नए किस्म के कारोबार का खुलासा हुआ। कुछ लोगों ने संगम पर डिजीटल स्नान की व्यवस्था करवाई। अपने घर में बैठकर स्नान के आकांक्षी श्रद्धालु की फोटो इन लोगों ने अपने डिजीटल कैमरे से खींची, उसका वहीं पर प्रिंट निकाला और उनकी फोटो को गंगाजी में डुबोकर उसके लाइव दर्शन करवाए। इस सेवा के बदले कुछ हजार की रकम वसूली जाती है। आधुनिक तकनीकी से यह धार्मिक जुगाड़ शायद भारत में ही ईजाद हुआ है। अगर एलन मस्क को इसका पता चले तो वे इसका फायदा अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी ले सकते हैं।




**मेष**:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभ**:- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन**:- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क**:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह**:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या**:- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला**:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**:- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**धनु**:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर**:- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

# मेले में अकेला, अकेले में मेला

**हम कितनी ही भीड़ में हों, तो भी हमें डिस्टरबैंस नहीं होती, परेशानी नहीं होती, एक मनमौजी के रूप में हम खुद ही आनंद की रौ में रहते हैं, और अगर हम अकेले हों तो भी हमें अकेलापन तंग नहीं करता बल्कि हम मानो आनंद की एक सतत धारा में नहा रहे होते हैं, आनंद से परिपूर्ण रहते हैं, क्योंकि तब हम में कर्ता का अहंकार खत्म हो जाता है, यह भाव आ जाता है कि हम जो कुछ भी कर रहे हैं वह परमात्मा के निमित्त है, हम सिर्फ माध्यम हैं, कर्ता नहीं हैं। हमारा घूमना-फिरना भी परमात्मा की प्रदक्षिणा है, हमारा हर काम परमात्मा की पूजा है।**

जीवन एक यात्रा है, अनंत यात्रा, इसमें कहीं भी ठहराव नहीं है। जब तक मन है, इच्छाएं हैं, तब तक दौड़ है। ट्रंप हों, इलॉन मस्क हों, अडाणी हों, अंबानी हों, सब दौड़ रहे हैं। दौड़ जारी है। 'अभी कुछ और' की यह अनंत दौड़ ऐसी है कि खाली बैठने ही नहीं देती, रुकने ही नहीं देती, सांस लेने ही नहीं देती, दौड़ा कर रखती है। और अधिक पैसा, और अधिक ताकत, और बड़ा पद, और बड़ा सम्मान, और ज्यादा यश, और इस 'और-और' की चूहा-दौड़ में हम खुद को गंवाते जा रहे हैं। जब हम और बड़ा सम्मान या और ज्यादा यश चाहते हैं, तो हम दूसरों की नजरों में ऊपर उठना चाहते हैं। परिणाम यह है कि हमारी खुशी का रिमोट दूसरों के हाथ में है। दूसरे लोग हमें ताकतवर मानें, विद्वान मानें, इस इच्छा के चलते हम दूसरों की प्रतिक्रिया के गुलाम हो जाते हैं, वैसे ही जैसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले लोग, बाकी लोगों के लाइक्स के गुलाम हैं। ज्यादा लाइक्स मिले तो खुश, नहीं मिले तो उदास। क्या कहेंगे इसे, बचपना या बचकानापन? पर जीवन में भी तो हम यही सब कुछ कर रहे हैं। दूसरों की पसंद-नापसंद और राय से चलने के लिए मजबूर! सवाल यह है कि इसका विकल्प क्या है? क्या हमारे पास कोई और रास्ता है? हां, रास्ता तो है। आइए, इसे समझने की कोशिश करते हैं। मान लीजिए कि एक बच्चा अपनी पढ़ाई पूरी कर ले और उसकी नौकरी किसी दूसरे शहर में लग जाए तो उसके जीवन में एकाएक बदलाव आएगा। जब तक वह पढ़ रहा था, पढ़ने के सिवा और कोई काम नहीं था। खाना मिलता था, प्रैस किए हुए धुले कपड़े मिलते थे, कमरे की सफाई हो जाती थी, चिंता नहीं थी। परिवार था, दोस्त थे, मौज थी। पढ़ाई के अलावा और कोई ऐसी जिम्मेदारी नहीं थी जिसे जिम्मेदारी कहा जाए।

कमी थी तो एक, जिसे वह कमी मानता था। अपने शहर में था तो मां-बाप की निगाह में था, रोक-टोक भी थी, अनुशासन भी था, पर जिम्मेदारियां नहीं थीं। नए शहर में आया तो सब कुछ बदल गया। पहली बात तो यह हुई कि अकेलापन महसूस हुआ, पर इस अकेलेपन में स्वतंत्रता भी थी, फ्रीडम भी थी। कोई रोक-टोक नहीं। कुछ भी पहनो, कुछ भी खाओ, कैसे भी घूमो, कहीं भी घूमो, किसी के साथ भी घूमो, कुछ भी करो। पर अब जिम्मेदारी भी आ गई। खुद को खुद ही मैनेज करो, अपना सब कुछ खुद ही देखो। कमरे की सफाई, कपड़ों की धुलाई, खाना, आफिस का काम, अपने पैसों का हिसाब रखना, हर चीज की जिम्मेदारी खुद पर। घर में थे, तब भी अनुशासन था, तब वह अनुशासन रोक-टोक जैसा लगता था, अब सारे काम निपटाने हैं तो भी अनुशासन की जरूरत है, पर इस अनुशासन के बावजूद फीलिंग यही है कि हम फ्री हैं। कुछ भी करने को स्वतंत्र हैं। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग भी हो सकता है और दुरुपयोग भी संभव है। अनुशासन है, लक्ष्य है, तो सदुपयोग होगा और सिर्फ स्वतंत्रता की भावना है तो वह धीरे-धीरे उच्छृंखलता में बदल जाएगी और कुछ समय बाद जीवन में विष घुलना शुरू हो जाएगा। शुरू में पता नहीं लगेगा, पर कुछ सालों में इसका असर दिखने लगेगा और तब पछताना पड़ेगा। आदतें बिगड़ जाएं तो पहले हम उन पर पैसे फूंकते हैं, जिससे सेहत बिगड़ती है। जिन आदतों पर हम पैसे फूंकते हैं, अंततः वही आदतें हमारा जीवन फूंक देती हैं। हम मृत्यु से तो भयभीत हैं ही, फिर जीवन से भी डर लगने लगता है। घर से बाहर किसी नए शहर में पहुंचा हुआ यही बच्चा अगर अनुशासन में रहे, खुद को संभाले तो यह स्वतंत्रता उसके लिए वरदान बन जाती है। नौकरी है तो पैसे हैं, उन पैसों से वह अपनी काबीलियत बढ़ाने का, अपना हुनर बढ़ाने का काम कर सकता है। अपना लक्ष्य तय करके उस पर आगे बढ़ते रहने का काम कर सकता है। अब अकेलापन, अकेलापन होने के बजाय एकांत में बदल जाता है जिसका सदुपयोग किया जा सकता है। अनुशासन अब भी है, पर अब यह अनुशासन बच्चे ने खुद ही खुद पर लगाया है। यह स्वयं स्फूर्त अनुशासन है। जब यह जिम्मेदारी आ जाए तो आदमी परिपक्व हो जाता है, मैच्योर हो जाता है और इस अनुशासन से उसे दिक्कत नहीं होती, परेशानी नहीं होती, चिड़चिड़ाहट नहीं होती, क्योंकि हम जानते हैं कि अपने सबसे अच्छे दोस्त, अपने सबसे बड़े शुभचिंतक हम खुद हैं। अपने आप को संभालना और खुश रहना हमारी अपनी जिम्मेदारी है। जिम्मेदारी की यही परिपक्व मानसिकता जब अध्यात्म में बदलती है तो अकेलापन सिर्फ एकांत ही नहीं बनता, मौज बन जाता है। हम कितनी ही भीड़ में हों, तो भी हमें डिस्टरबैंस नहीं होती, परेशानी नहीं होती, एक मनमौजी के रूप में हम खुद ही आनंद की रौ में रहते हैं, और अगर हम अकेले हों तो भी हमें अकेलापन तंग नहीं करता बल्कि हम मानो आनंद की एक सतत धारा में नहा रहे होते हैं, आनंद से परिपूर्ण रहते हैं, क्योंकि तब हम में कर्ता का अहंकार खत्म हो जाता है, यह भाव आ जाता है कि हम जो कुछ भी कर रहे हैं वह परमात्मा के निमित्त है, हम सिर्फ माध्यम हैं, कर्ता नहीं हैं। हमारा घूमना-फिरना भी परमात्मा की प्रदक्षिणा है, हमारा हर काम परमात्मा की पूजा है। तब हमें किसी दिखावे की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हम किसी की प्रतिक्रिया से प्रभावित नहीं होते। निंदा से परेशान नहीं होते, प्रशंसा से फूलते नहीं।

# उन्नाव में गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष भव्य शिव बारात और शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ नगर




**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव**

उन्नाव। महाशिवरात्रि पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। बुधवार को सुबह से ही गंगा तटों और नगर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयघोष सुनाई दे रहे थे, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। गाजे-बाजे के साथ भव्य शिव शोभायात्रा का आयोजन महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में गाजे-बाजे और धूमधाम के साथ शिव शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। इस भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों झांकियां शामिल हुईं, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरीं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस शोभायात्रा का हिस्सा बनकर भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। कमला भवन से प्रारंभ हुई विशाल शोभायात्रा श्रीझंडेश्वर महादेव मंदिर से झांकियों का कारवां एकत्रित होकर पहले कमला भवन पहुंचा, जहां से इस विशाल शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ। यात्रा में युवा बाइकों पर सवार होकर हाथों में त्रिशूल थामे चल रहे थे, तो वहीं श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्ति संगीत की धुनों पर झूम रहे थे। इस आयोजन की भव्यता और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालुओं की आस्था ने इस पर्व की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। 100 से अधिक झांकियों ने मोहा मन इस बार शोभायात्रा में लगभग 100 से अधिक भव्य झांकियां शामिल की गईं। इनमें विशेष रूप से विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप, भव्य रूप से सजे-धजे रथ और शोभायात्रा की अगुवाई करता एक विशाल अलंकृत हाथी आकर्षण का केंद्र बना रहा। भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय, नंदी महाराज और अन्य देवी-देवताओं के स्वरूपों ने श्रद्धालुओं को दिव्यता का अनुभव कराया। नगर के प्रमुख मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ इस शुभ अवसर पर झंडेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णाधाम मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर और कल्याणी मंदिर में दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। हर मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भक्तों ने जगह-जगह भंडारों और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की, जिससे श्रद्धालु इस पावन पर्व का पूर्ण लाभ उठा सकें। शोभायात्रा का मार्ग और प्रमुख पड़ाव शिव बारात एवं शोभायात्रा कमला भवन से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, आईबीपी, नगर पालिका, कसाई चैराहा, धवन रोड, बड़ा चैराहा, छोटा चैराहा, गांधी नगर कोतवाली, अचलगंज तिराहा, टाइप टू कॉलोनी स्थित गायत्री मंदिर, डीएसएन कॉलेज होते हुए पुनः झंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया और शिवभक्तों को जल-पान व प्रसाद वितरित किया। भूत-प्रेत की झांकियां और नृत्य करते श्रद्धालु बने आकर्षण का केंद्र शोभायात्रा में देवी-देवताओं के स्वरूप में सजे बच्चे, भूत-प्रेतों के वेश में झूमते कलाकार और सामाजिक-राजनीतिक कटाक्ष करती तख्तियां लिए बच्चे लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। भक्तों की टोली डीजे और ढोल की धुनों पर झूमकर शिव भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया और प्रसाद वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शिव बारात में उमड़ा प्रशासनिक और सामाजिक जनसमुदाय शिव बारात में श्रीगणेश की झांकी, साधु-संतों की टोली, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, पुलिस बल और पीएसी जवान भी शामिल रहे। शोभायात्रा को शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष निगरानी रखी। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रही और पूरे मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शिव बारात में मुख्य रूप से उपस्थित श्रद्धालु इस भव्य आयोजन में नर सेवा नारायण सेवा के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी, अजय त्रिवेदी, शोभायात्रा समिति के संयोजक चंद्रप्रकाश गुप्ता, विनोद शर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, अनीता द्विवेदी, ज्योति राजपूत, कल्पना त्रिवेदी, पवित्रा उपाध्याय, दीपिका बाजपेई, विकास सिंह सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, योगेंद्र तिवारी, राकेश राजपूत, सुनील भदौरिया, कमलेश बाजपेई, अभिषेक तिवारी, अलोक शुक्ल, धर्मेंद्र शुक्ल, केतन अवस्थी, मनीष मिश्रा, शिवम् आजाद, मुकेश दीक्षित, अंशु शुक्ला, विकास तिवारी, अमूल्य बाजपेई सहित हजारों शिव भक्त मौजूद रहे। महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तिमय हुआ उन्नाव इस भव्य आयोजन के कारण पूरा नगर शिवमय हो गया। हर गली, हर सड़क और हर चैक पर शिव भक्ति की गूंज सुनाई दे रही थी। श्रद्धालु शिव तांडव स्तोत्र का पाठ कर रहे थे, तो कहीं भोलेनाथ के भजन गाए जा रहे थे। महाशिवरात्रि पर्व पर निकली यह भव्य शिव बारात नगरवासियों के लिए आस्था और उत्साह का संगम बनी। शिवभक्तों का यह अपार उत्साह और श्रद्धा इस बात का प्रमाण है कि भगवान शिव की महिमा अनंत है और उनकी कृपा से जीवन में आनंद, शांति और समृद्धि आती है। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव की अराधना करने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हों, इसी कामना के साथ यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

# तेज रफ्तार ईको कार की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाई घायल





**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा इलाके में गुरुवार रात तेज रफ्तार ईको कार ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार दो सगे भाई घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक को लोकबन्धु अस्पताल, जबकि दूसरे को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद कार चालक को स्थानीय लोगों ने कार सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। बंथरा के गोड़वा गांव में रहने वाला बालकृष्ण पटेल उर्फ रिंकू (34) अपने छोटे भाई चंद्र कुमार (29) के साथ गुरुवार रात करीब 8 बजे बाइक से रसूलपुर की तरफ से अपने गांव की ओर जा रहा था। बाइक को बालकृष्ण चला रहा था। बताते हैं कि बनी - मोहान रोड पर लतीफ नगर चौराहा स्थित मोड़ के पास पहुंचते ही हरौनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दोनों भाई घायल हो गए। घटना में बालकृष्ण का दाहिना पैर घुटने से नीचे टूट गया। जिसकी वजह से गंभीर रूप से घायल बालकृष्ण को एंबुलेंस के जरिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे लोक बन्धु अस्पताल भेज दिया। जबकि चंद्र कुमार को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ईको कार के चालक को वाहन सहित धर दबोचा। बाद में घटना की सूचना पुलिस को देकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सड़क हादसे में हिंडाल्को संविदा कर्मचारी की हुई मौत



**दुद्धी,सोनभद्र।** दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव में तीर्थयात्रियों की अनियंत्रित ग्रैंड विटारा कार के चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। साथी युवक गभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने घायल युवक की गम्भीर हालात को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। बताया जाता है कि हिंडाल्को के संविदा दो कर्मचारियों ने अपनी बाइक से डियूटी करने के बाद घर लौट रहे थे। मझौली गांव के गोपी मोड़ के समीप करीब साढ़े तीन बजे विपरीत दिशा से तीर्थयात्रियों की ग्रैंड विटारा अनियंत्रित कार बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो जाने से नन्दलाल गुप्ता 50 पुत्र स्व0 बच्चा साह निवासी महुली की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथी युवक राजेन्द्र गुप्ता 50 पुत्र श्यामलाल गुप्ता निवासी हिराचक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उक्त घटना की सूचना मेमो द्वारा कोतवाली पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# बिजली के तार के सहारे खड़ा है खंभा

## बिजली विभाग की लापरवाही का अद्भुत नजारा



**जमालपुर,मिर्जापुर।** विकासखंड जमालपुर में बिजली विभाग के लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण पिछले छः महीने से तार के सहारे लटक रहे इस खम्भे को देखकर आप लगा सकते हैं।बता दें कि बियार भाई मार्ग से ग्राम सभा-डूही कलां जाने वाले संपर्क मार्ग पर सड़क के किनारे किसान के खेत में ग्यारह हजार लाइन का खंभा तार के सहारे झूल रहा है,जो कभी भी गिर सकता है। जान जोखिम में डालकर किसान द्वारा उस झूलते खंभे के नीचे खेत में धान की रोपाई, निराई, कटाई, मड़ाई के बाद अगली फसल गेहूं की जुताई,बुवाई से लेकर सिंचाई तक किया जा चुका है और अब गेहूं कटाई का भी समय नजदीक आ गया है,किसान गेहूं की कटाई कैसे करेगा सोचने की बात है इस समय बिजली विभाग बिजली बिल वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना अभियान पिछले दो महीने से चल रहा है,जिसके तहत विभाग के लोगों का गांवों में प्रतिदिन दौरा हो रहा है,छापे पड़ रहे है, बकायेदारों के बिजली काटे जा रहे है,एफआईआर भी दर्ज किये जा रहें हैं,लेकिन सड़क किनारे तार के सहारे झूलते इस खंभे को देखने के बावजूद भी विभाग के लोग आंखें मूंदे पड़ें है और किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है।इसी तरह से पूरे जिले के तमाम सब स्टेशनों से वितरित होने वाले बिजली के तार-खंभे काफी जर्जर हैं,जिस कारण आयें दिन दुर्घटनाएं हो रही है तथा आम लोगों को जान-माल का काफी नुक़सान उठाना पड़ रहा है।जर्जर तार-खंभों के कारण लो बोल्टेज की समस्या सहित क्षेत्र के लोगों को बार-बार बिजली की कटौती का दंश भी झेलना पड़ रहा है। जिस कारण से बिजली से जुड़े संबंधित कृषि कार्य आदि काफी प्रभावित हो रहें हैं।कोई दुर्घटना होने पर अनावश्यक रूप से पुलिस विभाग,राजस्व विभाग आदि लोगों को भी काफी परेशान होना पड़ता है।अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह , जयगोविंद सिंह, बलीराम सिंह, नंदलाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, सुधीर सिंह, नित्यानंद सिंह, विनीत सिंह, जयदेव सिंह, महेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, विनोद सिंह, सुशील सिंह आदि लोगों द्वारा सड़क किनारे किसान के खेत में तार के सहारे लटकते खंभे को सीधा करने सहित जिले के सभी विद्युत सबस्टेशनों से वितरित होने वाले बिजली के सभी जर्जर तार-खंभों को तत्काल दुरुस्त करने की मांग किया।

# अनिकेत चौधरी को आम आदमी पार्टी ने बनाया यूथ विंग प्रदेश सचिव



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना की स्वीकृति से अनिकेत चौधरी को प्रदेश सचिव बनाया गया । अनिकेत कुमार विगत 7 वर्षों से आम आदमी पार्टी की सक्रिय भूमिका में रहे हैं। दिल्ली, पंजाब, गोवा, गुजरात, के चुनाव में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बेरोजगार नौजवानों के लिए इन्होंने सैकड़ों आंदोलन किए जिसमे योगी सरकार की तानाशाह पुलिस के द्वारा दर्जनों बार हिरासत में लिए गए। अनिकेत कुमार ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल एवं सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पार्टी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को इतनी महत्वपूर्ण जि़म्मेदारी देकर भरोसा जताया मैं चौबीस घंटे पार्टी के लिए तन मन धन से पार्टी की सेवा करूँगा। अनिकेत ने कहा कि देश और प्रदेश में लाखो नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं और हज़ारो नौजवानों ने आत्महत्या कर ली। मोदी योगी सरकार ने नौजवानों के सपनों पे पानी फेर दिया। बेरोजगार नौजवानों के हक , अधिकार के लिए सड़क से सदन तक आवाज़ उठाएगी आम आदमी पार्टी।

# शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## बोल बम के जयकारों से गूंजा परिसर



**निगोहां, लखनऊ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी , तीन जनपदों के बीच स्थित भंवरेश्वर धाम पर लाखों श्रद्धालुओं ने सई नदी में डुबकी लगाकर जलाभिषेक किया । बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर तीन जनपदों के बीच स्थित भंवरेश्वर धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया , मंदिर के बाबा सुनील गोस्वामी ने बताया कि मंगलवार को ही आने वाले श्रद्धालुओं की भारी-भरकम भीड़ शिव दर्शन के लिए इकठ्ठा हो गए थे जो मध्य रात्रि से ही मंदिर के पट खुलने के बाद नदी में स्नान कर भक्तों ने जलाभिषेक किया। बताया कि मंदिर कमेटी व प्रशासन मंदिर के पीछे श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व जलाभिषेक के लिए बैरीकेटिंग बनाई जिससे होकर जाने से जलाभिषेक करने व दर्शन करने के लिए सुलभ हो गया। हालांकि पुलिस टीम चप्पे चप्पे पर मौजूद रहीं। नदी में स्नान के दौरान कोई हादसा न हो गोताखोर टीम मौजूद रहीं। वहीं निगोहा क्षेत्र के भैरमपुर गांव स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर सुबह के चार बजते ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लग गई मंदिर में घंटियों और शंख के ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज रहें थे , मंदिर के पुजारी जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि शिव दर्शन व जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तगणों का तांता लग गया था।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने किया मंदिर परिसर की साफ सफाई

**सकलडीहा,चंदौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय के संरक्षण में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत पांचवें दिन के कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं उसके आसपास स्थित मंदिरों में स्वच्छता का वृहद कार्यक्रम चलाया गया। तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र यादव, श्यामलाल सिंह यादव एवं डॉ. अनिल तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्राओं ने शिविर स्थल से स्वच्छता की रैली निकालकर महाविद्यालय स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत घास की सफाई एवं रोपित पौधों को पानी दिया गया। इसके बाद लेग क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने प्रतिभा किया। महाविद्यालय में ही छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें उनकी शरीर का वजन और लंबाई नापा गया। इसके उपरांत दोपहर का भोजन करने के बाद बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिस्म की तीनों कार्यक्रम अधिकारियों ने बड़ी–बड़ी से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में छात्र–छात्राओं से परिचर्चा किया गया।

# महाशिवरात्रि पर जिलाधिकारी ने की मतगजेंद्र नाथ स्वामी की पूजा

## मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**चित्रकूट, ।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर डीएम ने सपरिवार मतगजेंद्र नाथ स्वामी का पूजन-अर्चन कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। पर्व को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित रूप से कराने के उद्देश्य से उन्होंने संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने मेला क्षेत्र में तैनात जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों को अपनी ड्यूटी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने के निर्देश दिए जिससे मेले में आए शिवभक्तों को उचित व्यवस्था मिल सके। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कर्वी सुश्री पूजा साहू सहित अन्य अन्य मौजूद रहे।

# विद्युत चोरी में संलिप्त दो कर्मचारी निलंबित और मीटर रीडर बर्खास्त

## एसडीओ और जेई की भूमिका की भी जांच शुरु

**सुलतानपुर।** विद्युत कर्मियों और उपभोक्ताओं के एक बड़े गठजोड़ का खुलासा हुआ है। प्रकरण में विद्युत कर्मियों की संलिप्तता सामने आने पर दो को निलंबित करने के साथ ही मीटर रीडर को बर्खास्त कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता ने एसडीओ और जेई की भूमिका की भी जांच के निर्देश दिए हैं।विद्युत परीक्षण खंड के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार की एक कार्यवाही में मामले का भंडाफोड़ हुआ तो कई चौंकाने वाले तथ्य प्रकाश में आए। शहर के खैराबाद मोहल्ले की उपभोक्ता रईसा बानो का कनेक्शन नंबर 21761933 है। इनके मीटर में 14784 यूनिट रीडिंग बैलेंस थी। मीटर रीडर अनूप यादव ने इनका मीटर आईडीएफ कर दिया। दूसरा मामला भी इसी क्षेत्र का है।जहां के उपभोक्ता मोहम्मद शाहिद का कनेक्शन नंबर 1486602476 है। इनका मीटर बीते 14 नवंबर को टीजीटू ने आईडीएफ किया और आनन– फानन में यह मीटर 18 नवंबर को बदल उठा। जबकि मीटर में 7000 रीडिंग बैलेंस थी। टीजीटू ने रीडिंग पोस्ट नहीं कराई। इसके बावजूद अवर अभियंता और उपखंड अधिकारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जिससे उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रकरण के प्रकाश में आने के बाद जांचोपरांत विद्युत वितरण खंड के टीजीटू संतोष और परीक्षण खंड के जीएमटी राजन श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। टीडीएस बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर अनूप यादव की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।जिले में बिलिंग का कार्य देख रही टीडीएस बिलिंग एजेंसी की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है ! अधीक्षण अभियंता एके सिंह ने कार्यवाही की पुष्टि करते हुए कहा कि विद्युत वितरण खंड (प्रथम) के अधिशासी अभियंता से जांच रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद जेई और एसडीओ की भूमिका तय होगी।

# कन्या भोज के बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

**बांदा, ।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर शहर के कंचन पुरवा स्थित काली देवी मंदिर में बुधवार को कन्या भोज और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक भाजपा नेता श्याममोहन धुरिया ने महाशिवरात्रि पर्व की सभी को बधाई दी। महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजित भंडारे में सबसे पहले कन्याओं को भोज कराया गया। इसके बाद भाजपा नेता ने सभी को उपहार दिए। भंडारे का शुभारंभ होने पर मोहल्लावासियों के अलावा शहर के विभिन्न इलाकों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने जगत माता का दर्शन किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पहुंचने वाले शिवभक्तों को ठंडई का वितरण भी किया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। इस दौरान इस दौरान रोहित द्विवेदी, बालेंद्र तिवारी, रोहित धुरिया, विवेकराज मिश्र, राजकुमार पाठक, श्याम अग्निहोत्री, कुलदीप श्रीवास, विक्की, सच्चू आशू समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दूरस्थ शिक्षा केंद्र की स्थापना के लिए प्रदान किया आशय पत्र

## प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार को मिली नई गति




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा ग्रेटर नोएडा में परिसर दूरस्थ केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय के संस्थापक योगेश मोहन गुप्ता को आशय पत्र प्रदान किया। यह निर्णय उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 यथा-संशोधित के तहत लिया गया है जो राज्य में उच्च शिक्षा के संसाधनों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम प्रयास है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार उच्च शिक्षा में सुधार और नवाचार को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में नई शैक्षणिक योजनाओं और नीतियों के तहत उच्च स्तरीय संस्थानों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का हब बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के नए परिसर की स्थापना से प्रदेश में शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा, जिससे छात्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह उत्तर प्रदेश में दूसरा दूरस्थ केंद्र होगा जबकि पहला दूरस्थ केंद्र जीएलए विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में है। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के संस्थापक योगेश मोहन गुप्ता ने इस अवसर पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि नए परिसर में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की मांग के अनुसार शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर प्रमुख सचिव एम. पी. अग्रवाल, विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी एवं शिपू गिरि उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली हेतु अटेवा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बस्ती।** आल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के बैनर तले जिले के शिक्षक कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली हेतु सांसद को ज्ञापन सौंपा। अटेवा जिलासंयोजक तौआब अली व जिला महामंत्री विजयनाथ तिवारी की अगुवाई में आज जिले के सैकड़ों शिक्षक कर्मचारियों ने नई पेंशन व्यवस्था व यूनिफाइड पेंशन व्यवस्था को समाप्त किए जाने तथा पुरानी पेंशन बहाली हेतु बस्ती जनपद के सांसद माननीय राम प्रसाद चौधरी जी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन लेने के उपरान्त शिक्षकों कर्मचारियों के मांग को गंभीरता से लेते हुए माननीय सासंद महोदय ने तत्काल पुरानी पेंशन बहाली हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा एवं कहा कि उनकी पार्टी सदैव शिक्षक कर्मचारी के हित में निर्णय लेती रही है। विपक्ष में होने के बावजूद उनके दल के नेता माननीय अखिलेश यादव जी सहित पार्टी के तमाम सासंद विधायक वर्तमान सरकार से लगातार शिक्षकों कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी वादा किया कि पुरानी पेंशन बहाली की इस लड़ाई में उनकी पार्टी सदैव शिक्षकों कर्मचारियों के साथ खड़ी है। उन्होंने सदन में पार्टी द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन देने के उपरान्त अटेवा जिलासंयोजक तौआब अली एवं महामंत्री विजयनाथ तिवारी ने ज्ञापन लेने के लिए सांसद महोदय का आभार प्रकट किया। साथ ही वर्तमान सरकार को घेरते हुए कहा कि यदि सरकार पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर जल्द निर्णय नहीं लेती तो आने वाले 1 मई को एन एम ओ पी एस के बैनर तले देश भर का शिक्षक कर्मचारी दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी,मंडलीय आय व्यय निरीक्षक डॉ कमलेश चौधरी ने संयुक्त रूप से शेयर बाजार आधारित एनपीएस तथा यूपीएस को सरकार से तत्काल बंद कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रांतीय कोषाध्यक्ष बिजेंद्र वर्मा,मंत्री ध्रुवनारायण चौधरी,मंडलीय मंत्री डॉ श्रवण गुप्ता,जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा,जिलामंत्री डॉ सत्यप्रकाश मौर्य ने एक स्वर में कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की हर लड़ाई वह अटेवा के साथ मिलकर लड़ेंगे। इस दौरान कैलाशनाथ,नीरज वर्मा ,मनीष मिश्र,विनोद प्रकाश वर्मा,राकेश सिंह,बृजेश वर्मा,राहुल चौधरी, सुनील मौर्य, इरशाद अहमद,देवेंद्र तिवारी, बाबू राम वर्मा, राजेश आर्य,संतोष कुमार, वीरेंद्र वरुण,रमेश चंद्र,जितेंद्र वरुण,अजय प्रताप चौधरी,अर्जुन प्रसाद, डॉ फूल चंद्र,लालजी,जयराम,रमाकांत पटेल, उमाशंकर, छोटे लाल,विजय बहादुर,चंद्र प्रकाश,शिव प्रकाश,जय प्रकाश,रमेश ,गिरीश चंद्र चौधरी, सूर्यप्रकाश यादव, धर्मेन्द्र कुमार, हरिओम,अशोक चौधरी, मोहम्मद शमीम,इरफान अहमद,विनोद चौधर,राजेश कुमार, शिवशरण चौधरी, विजय प्रकाश श्रीवास्तव,रजनीश वर्मा, आज्ञा राम पटेल,उद्यकांत यादव,जगदीश विश्वकर्मा,अशोक चौधरी,सुनील आर्य,बंशराज गुप्ता,रंजीत यादव,शिवेंद्र वर्मा,कृष्ण कुमार,सहित सैकड़ों शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## हादसे में युवक की मौत, कोहराम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

मरदह। हादसे में युवक की दुर्घटना में मौत गाँव मे शव आने पर छाया मातम,थाना क्षेत्र के चौबेपुर तरछा गांव निवासी उड़िसा में फैक्ट्री में काम करने के दौरान योगेश राजभर की हादसे में मौत हो गयी।वृहस्पतिवार को युवक का शव गांव में आने पर गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।परिवार के लोगो ने बताया कि योगेश राजभर फेक्ट्री में नाइट शिफ्ट में काम करते समय पाइप में दबकर हादसे का शिकार हो गया।हादसे के शिकार योगेश राजभर का शव गाँव मे आने पर काफी तादात में लोगो की भीड़ गांव में जुटी रही। योगेश के दो छोटे बच्चे क्रमशःअरुण 10 वर्ष एवं आदित्य 8 वर्ष के एवं एक पुत्री रिया 12 वर्ष की है।पत्नी चंदा राजभर सहित परिवार के लोगो के रोने बिलखने से सभी गमगीन है।योगेश अपने परिवार के एकलौता कमाऊ सदस्य थे अब परिवार पर भरण पोषण का संकट उतपन्न हो गया है।

## आप ने महाकुम्भ में भग दड़ के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद। आम आदमी पार्टी के बैनर तले झरिया विधानसभा अंतर्गत फुस बंगला दुर्गा मंडप में कुंभ में गए वैसे श्रद्धालु जिनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई है उन श्रद्धालुओं के आत्मा की शांति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उन आत्माओं की शांति के लिए पुष्प अर्पित किया गया तथा दीप जलाया गया और 1 मिनट का मौन रखा गया एवं दुख प्रकट किया एवं वैसे लोग जिन्होंने धर्म से ऊपर उठकर अन्य धर्म के लोगों को मदद किया उन सभी को धन्यवाद दिया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे महेंद्र सिंह मदन राम समरेंद्र पासवान राजेश कुमार संजय सिंनहा नीतीश कुमार गुप्ता कुणाल चंद्रवंशी नंदलाल ताती सदरे आलम जावेद खान मोहम्मद सरफराज डब्लू अंसारी मोहम्मद फिरोज जसीम अंसारी मुन्ना खान हफीजुल व्यापारी देखिए सनातन भगवान कृष्ण गीता राजेंद्र चौधरी रामकृष्ण प्रसाद महेंद्र कुमार हरिप्रसाद बादशाह खान अनवर अंसारी शकीला बानो के अलावा अन्य सेकुलर लोग उपस्थित थे।

# समस्याओं के समाधान के लिए डीएम के निर्देश पर कई अधिकारियों ने मौके का किया निरीक्षण



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए डीएम के निर्देश पर गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन के नेतृत्व में कई अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इसमें उद्योग विभाग के डिप्टी कमिश्नर मनोज चौरसिया सहित नगर निगम, जल निगम, पीडब्ल्यूडी और यूपीएसआईडीए के अधिकारी भी शामिल रहे। सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष नीलमणि और महासचिव रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह निरीक्षण उद्योग बंधु की पिछली बैठक में उठाई गई समस्याओं के को लेकर किया गया। महासचिव रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि 31 जनवरी 2025 को हुई उद्योग बंधु की बैठक में शिकायत की गई थी कि सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा निर्माणाधीन लखनऊ- कानपुर रोड के किनारे बनाए जा रहे ड्रेन लेवल के औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेन से ऊपर होने के कारण जल निकासी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया इसके निस्तारण के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई के प्रबंधक पुनीत वर्मा के साथ अमौसी एयरपोर्ट से लेकर नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र, हज हाउस होते हुए सई नदी तक निरीक्षण करते समय पाया गया था कि नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र, शांति नगर क्षेत्र के कैचमेंट एरिया के सरफेस उन ऑफ वाटर की निकासी के लिए सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र से लगभग 6 किलोमीटर नाला निर्माण की आवश्यकता है। इस प्रकार जल निकासी के लिए 2.5 मीटर चौड़ा और 10 किलोमीटर लंबे नाला निर्माण एवं इंडस्ट्रियल वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट /एसटीपी की लागत लगभग 25.00 करोड़ सम्मिलित करते हुए कुल लागत लगभग 60.00 करोड़ आएगी। तब बैठक में उक्त नाला बनाने के संबंध में चर्चा की गई थी। जिसके बाद जल निगम के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया था कि जल निकासी की व्यवस्था करते हुए पानी को सई नदी तक ले जाया जाएगा। रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि इसी को लेकर उक्त अधिकारियों ने आज यहां निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 30 अगस्त 2024 को जिलाधिकारी और 9 अक्टूबर 2023 को नगर आयुक्त को उद्योग बंधु की बैठक के दौरान समस्या से अवगत कराया गया था, तब उन्होंने भी इसका निरीक्षण किया था। महासचिव रितेश श्रीवास्तव ने आज हुई इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस निरीक्षण से औद्योगिक क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जिला प्रशासन और सभी विभागों के अधिकारियों का आभार जताया।

## बेखौफ चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना,हजारों की नगदी व ज्वैलरी पार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। बिजनौर में मंगलवार रात लोक बंधु अस्पताल के एक डॉक्टर के बंद घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बुधवार को पड़ोसियों से सूचना पाकर पहुंचे डॉक्टर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच करने के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली और सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है। कृष्णा नगर स्थित लोकबंधु अस्पताल में तैनात डॉ. विवेक जोशी का एक मकान बिजनौर में न्यू रहीमाबाद स्थित स्पर्श पैराडाइज कॉलोनी में, जबकि एक मकान हजरतगंज में है। डॉ. विवेक परिवार सहित ज्यादातर हजरतगंज वाले घर में रहते हैं और बिजनौर वाले मकान में ताला बंद रहता है। बताते हैं कि मंगलवार रात चोरों ने डॉ. विवेक के मकान की खिड़की तोड़कर अंदर रखी हजारों की नगदी, ज्वैलरी और टीवी के अलावा अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। बुधवार को पड़ोसियों ने खिड़की टूटी देख इसकी सूचना डॉ. विवेक को दी। सूचना के बाद शाम को डॉ. विवेक घर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। डॉ विवेक ने बताया कि कमरों और खिड़कियों के टूटे होने के साथ उनके ताले भी टूटे मिले और 10 हजार रुपये, दो चांदी व दो सोने की अंगूठी, एक टीवी सहित काफी अन्य कीमती घरेलू सामान गायब मिला। उन्होंने आनन–फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची बिजनौर पुलिस ने निरीक्षण करने के साथ फॉरेंसिक टीम को बुलाया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने कुछ नमूने जुटाए हैं। वहीं डॉ. विवेक की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों की तलाश में जुट गई है।

## आखिरी दिन दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव पेच

**बदौसा, ।** कस्बे के कहमानी माता शक्ति पीठ में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेला में भारी भीड़ उमड़ी व दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता के अंतिम दिन आस-पास व दूर-दराज से आये हुए पहलवानों की एक दर्जन जोड़ियों द्वारा बेहतरीन कुश्ती कला का प्रदर्शन कर दर्शकों से तारीफ़ में तालियां बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरैनी ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल व विशिष्ट अतिथि भारतीय उधोग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार राज व जिलाध्यक्ष अमित सेठ भोलू, विवेक बिंदु तिवारी जिलाउपाध्यक्ष्य समाजवादी पार्टी बांदा, सुभाष पटेल थानाध्यक्ष बदौसा ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्तियों कराई। अखाड़े में प्रमुख कुश्ती मुकाबले में हुकुम सिंह (हमीरपुर) ने सोनीपत के गोलू पहलवान को चित्त कर अपनी जीत दर्ज की दूसरे अहम मुकाबले में प्रयागराज के अरविंद तिवारी व टुंडला ( फिरोजाबाद) के राहुल यादव के बीच जोरदार व रोमांचक कुश्ती अंततः बराबरी में रही।

# महामति प्राणनाथ डिग्री कॉलेज के होनहार छात्रों ने बढ़ाया संस्थान का गौरव




**मऊ चित्रकूट, ।** नगर पंचायत मऊ के महामति प्राणनाथ डिग्री कॉलेज के मेधावी छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट सफलता से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। उच्च स्तरीय परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर छात्रों ने शैक्षिक संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं प्रबंधक सुंदरलाल सुमन के पुत्र पीयूष द्विवेदी ने इतिहास विषय में यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) के लिए चयनित होने की उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी स्नातक शिक्षा इसी महाविद्यालय से पूर्ण करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इतिहास में परास्नातक किया। इसी क्रम में, महाविद्यालय की पूर्व छात्रा गर्विता सोनी (पुत्री तुलसीदास निवासी नगर पंचायत मऊ) ने राजनीति विज्ञान विषय से यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं, गरिमा सोनी (पुत्री तुलसीदास) ने यूजीसी की पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय की पूर्व छात्रा शालिनी त्रिपाठी ने भी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार चतुर्वेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों की मेहनत व समर्पण से संपूर्ण महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ एस. कुरील ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इन उपलब्धियों से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे।

## भाजपा विधायक नीरज बोरा ने किया रॉयल पैलेस का उद्घाटन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

दुबग्गा। आउटर रिंग रोड किसान पथ के किनारे स्थित रॉयल पैलेस का भव्य उद्घाटन गुरुवार को भाजपा विधायक नीरज बोरा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पैलेस के मालिक मोहम्मद कलाम कुरैशी व उनके बेटे अब्दुल्ला कुरैशी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई सम्मानित व्यक्ति एवं व्यापारी (आर के पैलेस एंड लॉन) के ओनर मोहम्मद अदनान और आर के बिल्डर्स एवं डेवलपर के मालिक मोहम्मद अरशद (अर्शी) उपस्थित रहे, जिनमें दानिश खान ,सऊद खान, शरिक खान, सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। रॉयल पैलेस क्षेत्र के लोगों के लिए शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों का एक प्रमुख स्थल तैयार किया गया है। पैलेस के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों ने इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताया, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। जल्द ही यहां बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## मुंडन से लौट रही ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटी, 2 की मौत, 17 घायल

⇨ जिंदगी की जंग लड़ रहे घायल ⇨ प्रशासन की लापरवाही उजागर




**चित्रकूट, ।** जिले के मऊ क्षेत्र में एक मर्मांतक हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। मुंडन संस्कार से लौट रहे एक परिवार की ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 17 घायल हो गए। दुर्घटना ग्राम बरिया के पास उस समय घटी, जब गिरीशचंद्र का परिवार ट्रैक्टर से बरम बाबा स्थान से मुंडन समारोह के बाद अपने गांव लौट रहा था। छीबो-लालता रोड पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया व गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में ढढवार निवासी बेलारानी (55) व गढ़वा निवासी बच्ची देवी (38) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायलों में से कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। रागिनी देवी, सुंदरकली, जानकी, रुकमनिया और मंटू की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। घायलों की सूची में तीन मासूम बच्चे- करन (10), अनीश (12) और अर्जुन (13) भी शामिल हैं। इसके अलावा बोधी, सपना, बुग्गी लाल (चालक), बिट्टी देवी, फिरोज, प्रियंका, नथिया, शोभा और रामकल्याण भी घायल हुए हैं। सभी का उपचार सीएचसी मऊ, रामनगर व जिला अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना पर डीएम, एसपी, एसडीएम सौरभ यादव व थाना प्रभारी विनोद कुमार राय मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए।

### घटना ने खोलीं योगी सरकार के आदेशों की पोल

उत्तर प्रदेश सरकार ऐसी घटनाओं पर कई बार स्पष्ट निर्देश दे चुकी है कि ट्रैक्टर–ट्रॉली का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए किया जाए, किंतु अवैध रूप से सवारी ढोने के चलते एक के बाद एक हादसे सामने आ रहे हैं। अब सवाल है कि क्या यह हादसा भी सिर्फ संवेदनाओं और आश्वासनों तक ही सीमित रह जाएगा, या दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी? प्रदेश में ट्रैक्टर–ट्रॉली से हो रहे लगातार हादसों के बावजूद ऐसे हादशे प्रशासनिक उदासीनता को साफ दर्शाते है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

रानी लक्ष्मी बाई व बेग़म हज़रत महल अवार्ड 2025




**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में महिलाओं को रानी लक्ष्मी बाई और बेगम हज़रत महल अवार्ड 2025 से नवाजा गया। सम्मानित महिलाओं में उद्यमिता, पत्रकारिता, समाज सेवा, फिल्म उद्योग, कानून, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए पुरस्कार दिए गए।समारोह में मुशायरा और ग़ज़ल की महफिल भी आयोजित की गई, जिसमें मशहूर शायरों और ग़ज़ल गायकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के वामिक खान ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया।यह कार्यक्रम महिलाओं के प्रति सम्मान और उनके योगदान को सराहने का एक बेहतरीन अवसर था।

## कमासिन के यमरेहीनाथ शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**कमासिन, ।** महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलश्री यमरेही नाथ धाम में विराजमान भगवान भोलेनाथ में तड़के से हजारों की तादाद में श्रद्धालु भक्तों ने जलाभिषेक किया। गंगाजल व बेलपत्र चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। यमरेही नाथ धाम में महाकाल भोलेनाथ कीमूर्ति पर जलाभिषेक पूजा अर्चना करने का सिलसिला भोर से चलता रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ,थाना प्रभारी मरका सुभाष चंद्र सिंह अपने अधीनस्थ उपनिरीक्षकों महिला पुरुष पुलिस फोर्स के साथ मंदिर परिसर में मौजूद रहकर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा। बाबा भोलेनाथ के दरबार में बड़े ही अनुशासित ढंग से मंदिर परिसर में शिव प्रतिमा पर गंगाजल चंदन रोली बेलपत्र पुष्प सहित आम मंजरी दूर्वा श्रद्धा भाव से समर्पित कर इष्ट देव से मन्नतें मांगी इस मौके पर मंदिर के पुजारी पप्पू महाराज ने बताया कि श्री यमरेही नाथ धाम जो भी भक्त आते हैं। जलाभिषेक के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं उनकी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

## गांव की समस्या, गांव में समाधान: सिध्दपुर में जन चौपाल

⇨ विकसित गांव, विकसित जिला का संकल्प




**चित्रकूट, ।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा के मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता डीएम शिवशरणप्पा जीएन की मौजूदगी में विकासखंड कर्वी के ग्राम पंचायत सिध्दपुर में गांव की समस्या, गांव में समाधान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 22 लाख की लागत से निर्मित ग्राम सचिवालय-पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया, जिसे मॉडल गांव के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस बहुउद्देशीय भवन में कॉमन सर्विस सेंटर, लाइब्रेरी, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग व सोलर लाइट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जन चौपाल में जल जीवन मिशन, समाज कल्याण, दिव्यांग कल्याण, कृषि, पंचायत राज, खाद्यान्न आपूर्ति, स्वास्थ्य, मनरेगा सहित कई विभागों ने अपनी योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ समय से मिले। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रों का सही सर्वे किया जाए व योग्य लाभार्थियों को ही आवास मिले। मनरेगा के तहत मजदूरों के जॉब कार्ड व उनके समय पर भुगतान की समीक्षा की गई। पोषाहार वितरण, स्वास्थ्य सुविधाओं व शिक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बिजली-पानी की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने को कहा व अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांवों में साफ-सफाई बनी रहे। जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने की जरूरत पर बल दिया गया, क्योंकि भारत जल संकट से जूझ रहे देशों में 13वें स्थान पर है। मंडलायुक्त ने कहा कि जब एक ग्राम पंचायत विकसित होगी, तभी जिला, प्रदेश और देश का विकास संभव होगा। शासन की मंशा है कि गांव की समस्या का समाधान गांव में ही हो, ताकि ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस मौके पर संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल अरविंद कुमार, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीम कर्वी सुश्री पूजा साहू, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएमए.ओपी. मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया समेत अन्य मौजूद रहे।

## समाजसेवी संस्था ने अरछा बरेठी में ग्रामीणों को पिलाया ठंडई



**चित्रकूट, ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम अरछा बरेठी में तुलसीदास शिक्षा एवं विकास समिति शोध संस्थान चित्रकूट ने ग्राम अरछा बरेठी में ठंडई, शरबत का कार्यक्रम किया गया। इसमें गांव के छोटे बड़े हजारों लोगों ने ठंडई प्रसाद का आनंद लिया। संस्था के सचिव चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि भगवान भोले विश्व के रचनाकार हैं सबकी मनोकामनाओं के पूरक हैं। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने सभी ग्राम वासियों को ठंडई शरबत पिलाया व कहा कि गांव और क्षेत्र के विकास में सभी की भूमिका होती है।

आपस में प्रेम से रहकर अपने-अपने कार्यों को अच्छी तरह से संपादित करें लड़ाई झगड़ा द्वेष भावना से दूर रहें, यही भगवान शिव का संदेश है। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश सिंह पटेल, रामायणी विमला देवी, संतोष कुशवाहा, सरजू प्रसाद यादव, ओम प्रकाश यादव, अनिल शिवकरण देशराज, लक्ष्मी प्रसाद, अजय कुमार यादव, अमर प्रकाश, राकेश राजपूत, हनुमान यादव रामकिशोर वर्मा मौजूद रहे।

# कावेरी बोलीं

## पापा ने सेट पर ईमानदार रहना सिखाया, कहा- एक्टिंग मत करो, किरदार बनो



डायरेक्टर शेखर कपूर और एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी डेब्यू फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। शनवभारत टाइम्सश् को दिए इंटरव्यू में कावेरी ने अपनी इस फिल्म का शूटिंग एक्सपीरियंस शेयर किया। साथ ही उन्होंने आज की जेनरेशन के प्यार के तरीके और पैरेंट्स के सपोर्ट पर बात की। डायरेक्टर शेखर कपूर और एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी डेब्यू फिल्म को लेकर चर्चा में हैं शनवभारत टाइम्सश् को दिए इंटरव्यू में कावेरी ने अपनी इस फिल्म का शूटिंग एक्सपीरियंस शेयर किया कावेरी कपूर ने साथ ही उन्होंने आज की जेनरेशन के प्यार के तरीके और पैरेंट्स के सपोर्ट पर बात कीनए साल में वैलेंटाइंस डे के महीने में कावेरी कपूर के रूप में एक और नई स्टार किड की फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री हुई है। ऑस्कर विजेता फिल्म शएलिजाबेथश, शिमस्टर इंडियाश, शबैंडिट क्वीनश् और शमासूमश् जैसी फिल्मों के निर्देशक शेखर कपूर और जानी-मानी एक्ट्रेस-सिंगर सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी की फिल्म शबॉबी और ऋषि की लव स्टोरीश् ओटीटी पर नजर आएगी। एक समय सिंगर -कंपोजर बनने की इच्छुक कावेरी ने एक्टिंग का रुख किया है। उनसे एक खास बातचीत।आज भले कावेरी ने अपना एक्टिंग डेब्यू कर लिया है, मगर वह बचपन से ही गीत-संगीत के प्रति आकर्षित रहीं। हालांकि उन्हें लेकर ये चर्चा बहुत जोंरों पर थी कि वह पिता शेखर कपूर की आइकॉनिक फिल्म शमासूमश् के पार्ट टू यानी शमासूमरूद नेक्स्ट जनरेशनश् से डेब्यू करेंगी, मगर फिर उन्होंने इस फिल्म से आगाज किया। वह कहती हैं, शमासूमरूद नेक्स्ट जनरेशनश् जरूर आएगी और जल्द ही आएगी। मैं इसके बारे में बहुत ज्यादा बात तो नहीं कर सकती, मगर फिल्म निश्चित तौर पर बन रही है और यही मेरी अगली फिल्म होगी।श् शेखर कपूर-सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी की पहली फिल्म व्ज्ज् पर इस दिन रिलीज, साथ दिखेंगे अमरीश पुरी के पोते आज भी प्यार होता है, दिल टूटता है चौबीस साल की कावेरी जेनजी से बिलॉन्ग करती हैं। आज के प्यार -मोहब्बत के दौर में बेन्चिंग, सिचुएशनशिप, घोस्टिंग जैसे टर्म्स पर उनका कहना है, शमुझे लगता है, प्यार तो आज की जनरेशन भी करती है, बस कम्युनिकेशन का तरीका बदल गया है। आज भी लोग आई लव यू कहते हैं। पहले चिठ्ठियों के जरिए ये बात कही जाती थी, मगर आज लोग मेसेज करके या अपनी इंस्टा स्टोरी के जरिए ये बातें कर देते हैं। हां, मैं मानती हूं कि आज की जनरेशन के पास चॉइसेज ज्यादा हैं, तो रिलेशनशिप का स्वरूप बदल गया है, मगर लव तो आज भी होता है, आज भी लोगों का हार्ट ब्रेक होता है। मुझे लगता है कि आज से 5 साल पहले डेटिंग ऐप होते, तो यकीनन उस समय के लोग भी उसका फायदा उठाते।श् शेखर कपूर को मिला पद्म भूषण सम्मान तो खुशी से झूमीं पूर्व पत्नी सुचित्रा कृष्णमूर्ति, कह गईं ये बातजब पूरी दुनिया थी खिलाफ, तब ऐश्वर्या राय बनी थीं इस एक्ट्रेस का सहारा, बॉयफ्रेंड ने पीट-पीटकर कर दिया था बेहालऐश्वर्या राय सिर्फ अपने एक्टिंग टैलेंट और खूबसूरती के लिए ही मशहूर नहीं हैं, बल्कि वह महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और अन्य मुद्दों के प्रति भी मुखर रही हैं। वह हमेशा ही महिलाओं के लिए हक के लिए खड़ी हुई हैं। एक बार तो ऐश्वर्या को जब पता चला कि जिस फिल्म में वह काम कर रही हैं, उसका प्रोड्यूसर गर्लफ्रेंड को पीटता है, तो उन्होंने वो फिल्म छोड़ दी थी। आइए आपको पूरा वाकया बताते हैंरू यह साल 218 की बात है। तब ऐश्वर्या ने एक ऐसी एक्ट्रेस को सहारा दिया था और उसके लिए स्टैंड लिया, जिसे फिल्म इंडस्ट्री ने बाहर कर दिया था। कोई उसे काम नहीं दे रहा था, और वो भी इसलिए क्योंकि उसने एक्स-बॉयफ्रेंड द्वारा किए गए शोषण का खुलासा किया था। इस एक्ट्रेस का नाम है फ्लोरा सैनी। उन्होंने साल 218 में शबॉलीवुड लाइफश् को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया था कि जब बॉयफ्रेंड के टॉर्चर का खुलासा किया तो कोई भी एक्ट्रेस उनके साथ काम करने को तैयार नहीं थी। किसी ने उन्हें सपोर्ट नहीं किया। सिर्फ ऐश्वर्या राय थीं, जो उनके साथ खड़ी हुईं। फ्लोरा सैनी ने बताया था कि ऐश्वर्या ने न सिर्फ उन्हें सपोर्ट किया, बल्कि वो फिल्म भी छोड़ दी थी, जिसे उनका एक्स-बॉयफ्रेंड प्रोड्यूस कर रहा था। फ्लोरा ने कहा था, शउस समय जब मैंने शोषण के बारे में बात की, तो मुझे लगा कि मैंने बहुत बड़ी गलती की है। कोई भी मुझे काम नहीं दे रहा था। मैं अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाली हूं और काफी मुश्किल हो गया है।शफ्लोरा ने बताया था कि जब सारी दुनिया उनके खिलाफ थी, तो ऐश्वर्या के सपोर्ट से उनके अंदर हिम्मत आई थी और उम्मीद जगी थी। फ्लोरा ने कहा था, शजब दुनिया मेरे खिलाफ थी, तब एक महिला थी, जिसने मेरा साथ दिया। काम कौन छोड़ता है? जब उन्होंने मेरे लिए ऐसा किया, तो मुझमें कुछ उम्मीद जगी। यह शायद उनके लिए छोटी चीज रही होगी और शायद उन्हें याद भी नहीं होगा, पर मेरे लिए बड़ी चीज है और मैं उनसे प्यार करती हूं।श् फ्लोरा सैनी प्रोड्यूसर गौरांग दोशी को डेट कर रही थीं। एक्ट्रेस ने गौरांग पर उन्हें मारने-पीटने और शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे। फ्लोरा ने बताया था कि गौरांग ने उनका जबड़ा तक तोड़ दिया था। फ्लोरा सैनी ने बताया था कि जब ऐश्वर्या को इस बारे में पता चला तो उन्होंने गौरांग की फिल्म छोड़ दी और एक इंटरव्यू में कहा था कि मैं उस शख्स के साथ काम नहीं कर सकती, जो औरतों को पीटता है।मां कहती हैं, मैं बहुत लकी हूं कावेरी के माता-पिता दोनों ही इंडस्ट्री के जाने-माने लोग हैं। शमासूमश, शिमस्टर इंडियाश् और शबैंडिट क्वीनश् जैसी अवॉर्ड विनिंग फिल्मों के निर्देशक शेखर कपूर की बेटी हैं कावेरी और कभी हां कभी ना जैसी शाहरुख स्टारर फिल्म में हीरोइन बन कर आईं सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी। अपने पिता शेखर कपूर के बारे में वह कहती हैं, शमेरे पिता ने हमेशा कला के लिए प्रोत्साहित किया। वह कहते हैं कि अपने साथ ऑथेंटिक रहो। उनका कहना है कि पर्दे पर एक्टिंग मत करो, बल्कि वह किरदार बन जाओ। उसे अपने हिसाब से संवारो। यही वजह है कि एक्टिंग करते हुए मैंने यही कोशिश की कि अगर फलां सीन मेरी जिंदगी में घटित हो रहा होता, तो मेरे एक्सप्रेशन क्या होते। मैंने सेट पर हमेशा ईमानदार रहने की कोशिश की है।श् शजहां तक मेरी मां की बात है, तो मैंने उनसे मेहनत की कीमत करना जाना। उनसे मैंने डेडिकेशन सीखा। मेरी मां बहुत ही मेहनती हैं और प्रेरणादायक हैं। कई बार मेरा मूड ठीक नहीं रहता या मैं काम से थक जाती हूं, तो ऐसे वक्त में मां ने ही मुझे गाइड किया है। वह हमेशा कहती हैं कि मैं बहुत लकी हूं जो मुझे काम मिल रहा है, तो मेहनत करना जरूरी है। मैंने उन्हें बहुत हार्ड वर्क करते देखा है। मैंने उनसे वर्क एथिक सीखा।शमेरी मां बहुत ही मेहनती हैं और प्रेरणादायक हैं। कई बार मेरा मूड ठीक नहीं रहता या मैं काम से थक जाती हूं, तो ऐसे वक्त में मां ने ही मुझे गाइड किया है। ग्यारह साल की उम्र में लिखा था पहला गाना एक्टिंग के क्षेत्र में आने से पहले कावेरी गीत-संगीत से जुड़ी रही हैं। वह उस वक्त मात्र 11 साल की थीं, जब अपना पहला गाना लाईं थी। उनका गाना शिडड यू नोश् जब यूट्यूब पर रिलीज हुआ था, तब शाहरुख खान, ऋतिक रोशन समेत सोनू निगम ने भी उनकी काफी तारीफ की थी। वह कहती हैं, शमुझमें हमेशा से लोगों को और दुनिया को समझने की एक उत्सुकता रही है। मैं अपने गीतों के जरिए मानवीय भावनाओं को व्यक्त करती हूं। यह मैं बहुत बचपन से करती आ रही हूं। गीत-संगीत ने हमेशा से मुझे अपनी सोच और स्किल को अभिव्यक्त करने का प्लैटफॉर्म दिया। 216 में जब मेरा पहला म्यूजिक विडियो शिडड यू नोश् आया था, तब भी ये लोगों को बहुत पसंद आया था। यह गाना मैंने खुद लिखा, कंपोज किया और इसे आवाज भी दी थी। आज जब मैं एक्टिंग के क्षेत्र में आ गई हूं, तो मेरा म्यूजिक मुझे इमोट करने में काफी मददगार रहा है।श् कुणाल सर ने बहुत ही सेफ फील कराया शहम तुमश, शफनाश, शथोड़ा प्यार थोड़ा मैजिकश् और शब्रेक के बादश् जैसी फिल्मों में सैफ अली, रानी मुखर्जी, आमिर खान, काजोल, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों को डायरेक्ट कर चुके कुणाल कोहली फिल्म के निर्देशक हैं। कावेरी कुणाल कोहली के साथ अपने अनुभव को बयान करते हुए कहती हैं, शकुणाल सर ने सेट पर मुझे काफी सेफ फील कराया। यह मेरी पहली फिल्म है, तो मेरे आपस एक्टिंग का कोई अनुभव नहीं था। सेट पर उन्होंने माहौल को कुछ ऐसा बनाए रखा कि अगर मैं कभी नर्वस होती भी, तो वह मुझसे चर्चा करते और मेरी नर्वसनेस दूर कर देते थे। निर्देशक के रूप में उनकी सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह आपका एक्स फैक्टर पहचानते हैं। वह समझते हैं कि आपका दिमाग और बॉडी लैंग्वेज क्या होगा और वह उसी हिसाब से सलाह देते हैं।श् शवह अपने कलाकारों को एक ही लाठी से नहीं हांकते। वह मेरे को-एक्टर वर्धान पुरी को उनके हिसाब से अडवाइज देते थे। उन्होंने सेट पर ये कभी महसूस नहीं कराया कि वह इंडस्ट्री के इतने बड़े स्टार्स को डायरेक्ट कर चुके हैं।श् अपने को-एक्टर वर्धान के बारे में वह कहती हैं, शवर्धान तो सेट पर पहले ही दिन मेरे बेस्ट फ्रेंड बन गए। उन्होंने पूरी शूटिंग में मुझे सपोर्ट किया। एकाध बार सीन सही न होने पर जब मैं रो पड़ी, तब वर्धान ने ही मुझे संभाला।श

## प्रियंका चोपड़ा ने 15 अनसीन फोटोज शेयर कीं



प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर 1983 से लेकर 2008 तक की अपनी जिंदगी की कुछ खास झलकियां शेयर कीं। इनमें उनके बर्थडे पर हुए अस्थमा अटैक से लेकर बरेली में हुए पहले मॉडलिंग शूट तक की यादें शामिल हैं। प्रियंका चोपड़ा ने सोमवार, 17 फरवरी को अपने इंस्टाग्राम पर 15 फोटोज शेयर कीं। इन फोटोज के कैप्शन में उन्होंने बताया कि किस साल उनके साथ क्या-क्या हुआ था।

## बाथरूम में ब्रेस्टमिल्क पंप करती दिखीं राधिका



बॉलीवुड की कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का हुनर दिखा चुकी एक्ट्रेस राधिका आप्टे हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड्स में शामिल हुई थी. जहां से एक्ट्रेस ने अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की. इस तस्वीर में वो बाथरूम में खड़ी होकर पोज दे रही हैं. जिसकी वजह से अब एक्ट्रेस काफी ट्रोल होती हुई नजर आ रही हैं. दरअसल राधिका आप्टे बीते साल यानि 224 में मां बनीं. ऐसे में एक्ट्रेस इन दिनों अपने दो महीने के बेबी संग क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं. हाल ही में ठ।थ्ज। अवॉर्ड्स में शामिल हुईं. जहां से एक्ट्रेस ने अपनी एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की. इस तस्वीर में एक्ट्रेस बाथरूम के अंदर पोज दे रही हैं. उनके एक हाथ में ब्रेस्टमिल्क के लिए पंप है. तो दूसरे हाथ में शैंपेन का गिलास. बाथरूम में ब्रेस्टमिल्क पंप करती दिखीं राधिका राधिका ने इस तस्वीर को फैंस के साथ शेयर करते हुए लिखा कि, शऔर अब मेरी ठ।थ्ज। की रियलिटी देखिए. मैं नताशा को शुक्रिया कहूंगी, जिनके कारण मैं यहां आ सकी. उन्होंने मेरे ब्रेस्ट पंपिंग टाइमिग के हिसाब से कार्यक्रम शेड्यूल किया. वो ना सिर्फ मुझे दूध निकालने के लिए मेरे साथ वॉशरूम गईं. बल्कि वहां पर मेरे लिए शैम्पेन भी लाई.श् नई मां के लिए मुश्किल है काम करना - राधिका राधिका ने ये भी लिखा कि, शनई मां होने के नाते काम करना मुश्किल है. इस लेवल की केयर और सेंस्टिविटी हमारी फिल्म इंडस्ट्री में बहुत कम है और इसकी तारीफ होती है..श् राधिका की इस पोस्ट पर जहां उनके फैंस प्यार लुटाते दिखे. तो वहीं कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल भी कर दिया. एक हाथ में ब्रेस्ट मिल्क पंप और दूसरे में शैंपेन...न्यू मॉम राधिका आप्टे की ये फोटो पचा नहीं पा रहे फैंस ब्रेस्टफीडिंग को लेकर लोगों ने किए ऐसे कमेंट राधिका की पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, श् मैम आप बहुत अच्छे हो, लेकिन ऐसा मत करो उस ग्लास में क्या है? दूसरे ने लिखा कि, श् ब्रेस्टफीडिंग कराने के दौरान ड्रिंक नहीं करना चाहिए.श् तीसरे ने लिखा, श् इस पोस्ट के जरिए गलत मैसेज दे रही हैं. ब्रेस्टफीडिंग में ड्रिंक करना सही नहीं.श

# मैं एक साल में टीम खड़ी करके दिखा दूंगा...

**चौंपियंस ट्रॉफी 2025 से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद से पूरा देश अपनी टीम की आलोचना कर रहा है। दिन प्रतिदिन पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति और बिगड़ती जा रही है। खराब प्रदर्शन चौंपियंस ट्रॉफी में भी जारी रहा। पाकिस्तान ग्रुप राउंड में ही बाहर हो गई। उन्हें पहले न्यूजीलैंड और फिर भारत से हार मिली।**

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद से पूरा देश अपनी टीम की आलोचना कर रहा है। दिन प्रतिदिन पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति और बिगड़ती जा रही है। खराब प्रदर्शन चौंपियंस ट्रॉफी में भी जारी रहा। पाकिस्तान ग्रुप राउंड में ही बाहर हो गई। उन्हें पहले न्यूजीलैंड और फिर भारत से हार मिली। पाकिस्तान के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद दिग्गज खिलाड़ी अपनी ही टीम की आलोचना कर रहे हैं। इस बीच भारत के पूर्व क्रिकेटर ने पाकिस्तान के कोच की इच्छा जताई है। दरअसल, न्यूज 18 के एक वीडियो में योगराज



सिंह वसीम अकरम के टीवी शो में दिए गए बयान पर भड़क गए। बता दें कि, अकरम ने भारत-पाकिस्तान के मैच के बाद कहा कि, मुझे लगता है कि ये पहला या दूसार ड्रिंक्स ब्रेक था और खिलाड़ियों के लिए केले से भरी प्लेट आई थी। इतने केले तो बंदर भी नहीं खाते। और ये उनका भोजन है। अगर ये हमारे कप्तान इमरान खान होते, तो वह हमें ऐसा करने पर डांट देते। इमरान हमें मजबूत और कठोर बनाना चाहते थे। योगराज सिंह को ये बयान पसंद नहीं आया। उन्होंने वसीम अकरम को जमकर लताड़ा। उन्होंने कहा कि, वसीम अकरम जैसे बड़े खिलाड़ी अपने खिलाड़ियों के लिए ऐसी बात कर रहे हैं। साथ में बैठे सभी लोग हंस भी रहे हैं। शर्म आनी चाहिए इन लोगों को ऐसी बात करते हुए। शोएब अख्तर जी आप इतने बड़े खड़े होकर विराट कोहली और रोहित शर्मा से तुलना कर रहे हैं? आप वहां क्या कर रहे हैं बैठे हुए। युगराज सिंह ने पाकिस्तानी दिग्गजों से सवाल किया कि वसीम जी वहां बैठकर क्या कर रहे हैं। कमेंट्री से पैसा बना रहे हैं। आप अपने देश जाएं और कैंप लगाएं। मैं देखना चाहता हूं कि आप में से कौन पाकिस्तान को अगला वर्ल्ड कप जिताएगा। अगर आप ऐसा नहीं कर सकते हैं तो रिजाइन कर दें। युवराज सिंह ने कहा कि, यहां पाकिस्तान के कोच बनने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि, मैं जाता हूं, एक साल में टीम खड़ी कर के दिखा दूंगा। याद रखोगे, ये सिर्फ जुनून की बात है। मैं अकेडमी में 12 घंटे देता हूं। आपको देश के लिए खून और पसीना देना पड़ता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने जादरान, डकेट को पीछे छोड़ा

**लाहौर।** जादरान 146 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 177 रन बनाकर आउट हुए। यह चौंपियंस ट्रॉफी इतिहास में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इंब्राहिम जादरान ने लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौंपियंस ट्रॉफी के पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। जादरान ने दमदार बल्लेबाजी की जिससे अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 326 रनों का लक्ष्य रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवर में सात विकेट पर 325 रन बनाए। अफगानिस्तान ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने शुरुआत में ही अफगानिस्तान को तीन झटके दिए। आर्चर ने रहमानुल्लह गुरबाज (6), सेदिकुल्लह अटल (4) और रहमत शाह (4) को आउट किया। इसके बाद जादरान ने कप्तान हशमातुल्लह शाहिदी के साथ मिलकर पारी को संभाला और ऐतिहासिक पारी खेली। जादरान ने कप्तान हशमातुल्लह शाहिदी के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी की। दिग्गजों की सूची में शामिल हुए जादरान शाहिदी के




आउट होने के बाद भी जादरान अपनी पारी को संभाले रहे और उन्होंने शतक जड़ा। इसके बाद भी उन्होंने रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। लियाम लिविंगस्टोन ने अंतिम ओवर में इब्राहिम जादरान को आउट कर अफगानिस्तान को छठा झटका दिया। जादरान 146 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 177 रन बनाकर आउट हुए। यह चौंपियंस ट्रॉफी इतिहास में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने इंग्लैंड के बेन डकेट को पीछे छोड़ा जिन्होंने पिछले मुकाबले में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 165 रनों की पारी खेली थी। चौंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च स्कोररन बल्लेबाज बनाम वर्ष 177 इब्राहिम जादरान इंग्लैंड 2025 165 बेन डकेट ऑस्ट्रेलिया 2025 145' नाथन एश्ले अमेरिका 2004 145 एंडी फ्लावर भारत 2002 141' सौरव गांगुली दक्षिण अफ्रीका 2000 कपिल देव को पीछे छोड़ा इब्राहिम जादरान अपनी इस पारी से भारत के पूर्व विश्व विजेता कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ दिया है। जादरान किसी आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। जादरान ने यह उपलब्धि 23 साल 76 दिन की उम्र में हासिल की, जबकि कपिल ने 1983 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 24 साल 163 दिन की उम्र में 150 से अधिक रन बनाए थे। वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाया था शतक ऐसा पहली बार नहीं है जब इब्राहिम जादरान ने किसी आईसीसी टूर्नामेंट में किसी बड़ी टीम के खिलाफ शतक लगाया है। इससे पहले जादरान ने 2023 वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 129 रन बनाए थे। अब उन्होंने चौंपियंस ट्रॉफी के करो या मरो मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया है। जादरान इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान के लिए शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में यह अब तक 10वां शतक है जो संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। इससे पहले 2002 और 2017 में भी चौंपियंस ट्रॉफी में 10 शतक लगे थे। पाकिस्तान एकमात्र ऐसी टीम है जिसके लिए अब तक चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में किसी ने शतक नहीं लगाया है।

# जोफ्रा आर्चर ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड




**लाहौर।** 29 वर्षीय गेंदबाज ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह इंग्लैंड के लिए इस प्रारूप में पारियों के हिसाब से 50 विकेट पूरे करने वाले सबसे तेज गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 30 पारियों में किया जबकि महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने यह कारनामा 31 पारियों में किया था। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ जारी चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह अपनी टीम के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ दिया। इब्राहिम जादरान ने मचाया धमाल लाहौर में चौंपियंस ट्रॉफी का आठवां मुकाबला ग्रुप बी की टीमों के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में अफगानिस्तान ने इब्राहिम जादरान की 177 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 325 रन बनाए हैं। इस दौरान इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए जबकि लियाम लिविंगस्टोन को दो विकेट मिले। वहीं, जेमी ओवरटन और आदिल रशीद को एक-एक सफलता मिली। एंडरसन से आगे निकले आर्चर इसी के साथ 29 वर्षीय गेंदबाज ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह इंग्लैंड के लिए इस प्रारूप में पारियों के हिसाब से 50 विकेट पूरे करने वाले सबसे तेज गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 30 पारियों में किया जबकि महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने यह कारनामा 31 पारियों में किया था। आर्चर ने इस मुकाबले में रहमनुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लह अटल और रहमत शाह को अपना शिकार बनाया। दिग्गजों की सूची में शामिल हुए जादरान इस मुकाबले में अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने धमाल मचाया। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौंपियंस ट्रॉफी के पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। जादरान ने 146 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 177 रन बनाए। यह चौंपियंस ट्रॉफी इतिहास में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने इंग्लैंड के बेन डकेट को पीछे छोड़ा जिन्होंने पिछले मुकाबले में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 165 रनों की पारी खेली थी। कपिल देव को पीछे छोड़ा इब्राहिम जादरान अपनी इस पारी से भारत के पूर्व विश्व विजेता कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ दिया है। जादरान किसी आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। जादरान ने यह उपलब्झि 23 साल 76 दिन की उम्र में हासिल की, जबकि कपिल ने 1983 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 24 साल 163 दिन की उम्र में 150 से अधिक रन बनाए थे।

## दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया, जेस जोनासेन ने जड़ा अर्धशतक

**बेंगलुरु ।** दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी के बाद जेस जोनासेन (नाबाद 61 रन) के अर्धशतक की मदद से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 29 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी। टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी की और गुजरात जायंट्स का शीर्ष क्रम ध्वस्त कर उसे महज नौ विकेट पर 127 रन बनाने दिए। फिर कप्तान मेग लैनिंग की टीम ने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 131 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें जोनासेन ने 32 गेंद की नाबाद पारी के दौरान नौ चौके और दो छक्के जमाये। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 27 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के से 44 रन का योगदान दिया। जोनासेन और शेफाली ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 74 रन की साझेदारी निभाई। इस जीत से दिल्ली कैपिटल्स की टीम छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। इससे पहले भारती फूलमाली ने नाबाद 40 रन की पारी खेलकर खराब शुरुआत करने वाली गुजरात जायंट्स को नौ विकेट पर 127 रन पर पहुंचाने में मदद की। दिल्ली कैपिटल्स के लिए शिखा पांडे, मारिजाने काप और एनाबेल सदरलैंड ने दो दो विकेट हासिल किए। गुजरात जायंट्स ने 60 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद आठवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रही फूलमाली ने 29 गेंद में दो छक्के और चार चौके लगाकर टीम को 100 रन तक पहुंचाने में मदद की। डायंड्रा डॉटिन (26) ने पारी की शुरुआत में पांच चौके लगाए लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के एकजुट प्रदर्शन के कारण वह पारी को आगे नहीं बढ़ा सकीं। दिल्ली की तेज गेंदबाज मारिजाने काप (17 रन देकर दो विकेट) और शिखा पांडे (18 रन देकर दो विकेट) ने जायंट्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जिससे पावरप्ले के अंदर उनका स्कोर चार विकेट पर 20 रन हो गया। पिच पर गेंदबाजों के लिए उछाल मौजूद था। मारिजाने की गेंद पर हरलीन देओल (05) बल्ले का बाहरी किनारा लगा कर विकेट गंवा बैठी और फिर इस गेंदबाज ने फोबे लिचफील्ड को शून्य पर आउट कर दिया। चौथे ओवर में शिखा पांडे ने बेथ मूनी (10) और काशवी गौतम को एक ही अंदाज में आउट कर दिया। दोनों बल्लेबाजो को उन्होंने क्रमशः डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग और डीप मिडविकेट पर निकी प्रसाद के हाथों कैच कराया। इसके बाद टिटास साधु ने जायंट्स की कप्तान एश्ले गार्डनर (03) के रूप में टीम को पांचवां विकेट दिलाया और एनाबेल सदरलैंड (20 रन देकर दो विकेट) ने 11वें ओवर में डॉटिन को आउट कर दिया। तनुजा कंवर 16 रन बनाकर रन आउट हुई।

## वुशु एथलीट को आया हार्ट अटैक, मैच के दौरान ही तोड़ा दम

भारत में हार्ट अटैक के केस बढ़ते ही जा रहे हैं। इससे अब एथलीट भी अछूते नहीं रह गए हैं क्योंकि जयपुर के एक वुशु एथलीट की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई। दरअसल, ये मामला चंडीगढ़ का है जहां तीन दिन पहले ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशु चौंपियनशिप खेली जा रही थी। एक फाइट के दौरान 21 वर्षीय मोहित शर्मा को हार्ट अटैक आ गया। उन्हें तुरंत चंडीगढ़ में सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वुशु चौंपियनशिप के आयोजक दीपक कुमार ने बताया कि मोहित पहला राउंड जीत चुका था और दूसरे राउंड में भी आगे चल रहा था। रिंग में दाखिल होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और मुंह के बल नीचे गिर पड़े। रेफरी ने उन्हें उठाने की कोशिश की, लेकिन उसका प्रयास असफल रहा। दीपक कुमार ने बताया कि मोहित की मौत हो चुकी थी। मोहित को हार्ट अटैक आने का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी शेयर हो रहा है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उस क्षेत्र के एसएचओ ने बताया कि यूनिवर्सिटी में आयोजित हुए टूर्नामेंट के दौरान मोहित शर्मा की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। शव को खरार के सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। साथ ही परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिवार को शव सौंपे जाने से पहले उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी को अनोखा टूर्नामेंट... टीम इंडिया के दुबई में खेलने पर जोस बटलर ने कसा तंज

चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के अपने सभी मैच भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई के मैदान पर खेल रहा है। पाकिस्तान चौंपियंस ट्रॉफी का मेजबान है लेकिन भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। अभी तक टूर्नामेंट में भारत ने अपने दो मुकाबले खेले हैं जिसमें उसे बेहतरीन जीत मिली है। जिसके बाद टीम इंडिया के एक ही वेन्यू पर खेलने को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और अब इंग्लैंड के जोस बटलर ने अपने मन की टीस निकाली है। इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए चौंपियंस ट्रॉफी को अनोखा टूर्नामेंट करार दिया। बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि, नहीं मुझे लगता है कि पहले से ही अनोखा टूर्नामेंट है, है न। यहां एक टीम दूसरे स्थान पर खेल रही है, लेकिन मैं इसके बारे में इस समय बहुत चिंतित नहीं हूं। मेरा पूरा ध्यान आज अफगानिस्तान वर्सेस इंग्लैंड मैच की अच्छी तैयारी पर है। बता दें कि, इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच लाहौर में मुकाबला खेला जा रहा है। ग्रुप-बी का हिस्सा दोनों टीमों का टूर्नामेंट में पहली जीत की तलाश है। वहीं ग्रुप-ए में शामिल भारत और न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। वहीं चोटिल होने के चौंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे ऑस्ट्रेलिया कप्तान पैट कमिंस ने भी भारत के दुबई में खेलने पर अपनी राय दी थी। उनका मानना है कि भारत को दुबई में एक ही वेन्यू पर खेलने का फायदा मिल रहा है जबकि अन्य टीमों को हाइब्रिड मॉडल के अनुसार खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के अपने मैच पाकिस्तान के कई स्थानों पर खेलने पड़ रहे हैं।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की अंकतालिका में टॉप पर भारत, श्रीलंका को 9 विकेट से दी मात

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने 21 गेंद में 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में इंग्लैंड मास्टर्स को 9 विकेट से मात दी। डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत के अलावा वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें भी शामिल हैं। भारत ने अब तक दो मैच खेले हैंऔर दोनों में जीत हासिल की है। उन्होंने पहले मैच में श्रीलंका को मात दी वहीं दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड को हराया। इंडिया मास्टर्स चार अंक और 2.461 के साथ नेटरनरेट के साथ पहले स्थान पर है। वेस्टइंडीज मास्टर्स ने एक मैच खेला है जिसमें जीत के साथ उनके दो अंक हैं। श्रीलंका मास्टर्स ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स और इंग्लैंड मास्टर्स ने एक-एक मैच जीते हैं लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर पाए। इसी कारण उनका खाता नहीं खुला है।

## पाकिस्तान में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी बर्खास्त, चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में ड्यूटी करने से किया इनकार

पाकिस्तान में आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन हो रहा है। इसके लिए कई पुलिस अधिकारियों को टीमों की सुरक्षा में तैनात किया गया है। लेकिन अब खबर आ रही हैं कि पाकिस्तान में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान सौंपी गई सुरक्षा ड्यूटी को निभाने से इनकार करने से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को ये जानकारी दी। बर्खास्त किए गए कर्मी पुलिस बल का विभिन्न शाखाओं से जुड़े थे। पंजाब पुलिस ने एक अधिकारी के अनुसार चौंपियंस ट्रॉफी के दौरान कई मौकों पर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर 100 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके पदों से हटा दिया गया है। जबकि अन्य ने अपने सौंप गए कार्यों को निभाने से इनकार कर दिया है।

## अब ये एथलीट कपल लेने जा रहा तलाक, दहेज उत्पीड़न जैसे कई गंभीर आरोप लगाए

इन दिनों खेल जगत में तलाक की खबरें जोरों पर हैं। पहले हार्दिक पंड्या अपने पत्नी नताशा से तलाक लेकर अलग हो गए। वहीं हाल ही में कहा जा रहा है कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल भी अपनी पत्नी धनाश्री वर्मा से अलग हो गए हैं।

# नॉकआउट की तरह आज भिड़ेंगी इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें, हारने वाली टीम का थम जायेगा सफर

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का हर एक मुकाबला अब एक नॉकआउट मैच की तरह साबित हो रहा है। क्योंकि किसी भी टीम के लिए एक हार और टूर्नामेंट से उसका पत्ता कटना तय है। ऐसे ही एक बड़े मुकाबले में आज ग्रुप बी की टीम इंग्लैंड और अफगानिस्तान का आमना - सामना होना है। यह मुकाबला तय करेगा कि कौन सी टीम आगे बढ़ेगी और कौन सी खाली हाथ घर लौट जाएगी। इंग्लैंड को पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी, वहीं अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका ने हराया था।

वहीं ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाला मैच बारिश के चलते धुल गया, ऐसे में ग्रुप बी अब पूरी तरह से फंस चुका है। गेंदबाजी बनी इंग्लैंड की समस्या वनडे क्रिकेट में इंग्लैंड का दबदबा अब बहुत पुरानी बात हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगर उसके बल्लेबाज चले तो गेंदबाजों ने निराश किया और टीम 350 से ज्यादा रन बचाने में कामयाब नहीं हो पाई। जहां तक पहले मैच में इंग्लैंड की बल्लेबाजी का सवाल है तो यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑस्ट्रेलिया के सभी बड़े गेंदबाज इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पहले मैच में उसके अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाया। देखिये ग्रुप बी का समीकरण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच रद्द होने से इंग्लैंड और अफगानिस्तान को फायदा हुआ। अगर इंग्लैंड की टीम यहां से किसी तरह अपने दोनों मैच जीत जाए तो सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। वहीं अफगानिस्तान की ऐसा करती है तो उसे सेमीफाइनल में आसानी से एंट्री मिल सकती है। तो वहीं, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका को भी सेमीफाइनल में जाने के लिए अपना अंतिम मैच जीतना पड़ेगा।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226002 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7952898650,9839177772 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।